

प्रेरणा स्त्रोत
स्व. श्री यशवंतजी घोड़ावत

RNI No. MPHIN/2018/76422

# माही की गूंज

बेबाकी के साथ..सच

Www.mahikigunj.in, Email-mahikigunj@gmail.com

वर्ष-06, अंक - 24 (साप्ताहिक) खवासा, गुरुवार 07 मार्च 2024 पृष्ठ-8, मूल्य -5 रुपए


**सुविचार**



अच्छा लिखने के लिए खुद को एक आम इंसान की तरह व्यक्त करो, लेकिन सोचो एक बुद्धिमान आदमी की तरह!!

अरस्तू

# टिकट कटते ही साध्वी प्रज्ञा ने उठा लिया हथौड़ा

**माही की गूंज, भोपाल। डेस्क न्यूज**

भोपाल से भाजपा की लोकसभा सदस्य प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में अपनी पार्टी के विधायक सुदेश राय पर अवैध रूप से शराब की दुकान चलाने का आरोप लगाया और महिलाओं व लड़कियों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने राय की विधानसभा सदस्यता खत्म करने की मांग भी की। जब मीडियाकर्मियों ने इस संबंध में राय से संपर्क कर प्रतिक्रिया मांगी तो उन्होंने कहा कि, वे खुद ठाकुर के आरोपों की पड़ताल करें। ठाकुर ने कहा कि, वह विकास कार्यों की शुरुआत करने के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इलाकों के दौरे पर थीं, तभी खजुरिया कला में कुछ लड़कियां उनके पास आईं और शिकायत की कि उनके स्कूल के सामने शराब की दुकान चल रही है।



## सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो

प्रज्ञा ठाकुर को एक कमरे का ताला तोड़ते हुए दिखाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। एक वीडियो में, लोकसभा सदस्य पहले हाथ में एक पत्थर पकड़े हुए कमरे का ताला तोड़ने की धमकी देती नजर आ रही हैं, तभी आसपास लड़कियां और लोग जमा हो गए। एक पुलिसकर्मी उनसे ताला न तोड़ने का आग्रह करता नजर आ रहा है। बाद में, भाजपा सांसद को कमरे में हथौड़े से मारते हुए देखा जाता है जबकि पुलिसकर्मी उनसे ऐसा न करने के लिए हाथ जोड़कर आग्रह करता रहता है। जोरदार जयकारे के बीच ठाकुर को दरवाजा खोलते हुए देखा जाता है। वीडियो में कमरे में बड़ी संख्या में शराब की बोतलें रखी हुई दिखाई दे रही हैं। बाद में कुछ लोग ठाकुर की मौजूदगी में बोतलें खोलकर शराब फेंक देते हैं।

ठाकुर को यह कहते हुए सुना जाता है कि किसी को भी उसके साथ आई लड़कियों को धमकी नहीं देनी चाहिए। एक अधिकारी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि वह सांसद की चिंताओं को अपने वरिष्ठों तक पहुंचाएंगे। लेकिन भाजपा नेता नाराज हो गईं और उन्होंने अधिकारियों से स्कूल के सामने स्थित शराब की दुकान की अनुमति से संबंधित कागजात पेश करने को कहा। ठाकुर को यह दावा करते हुए सुना गया कि यह शराब की दुकान बिना लाइसेंस के चलाई जा रही है और स्कूलों के सामने ऐसी दुकानें संचालित करना अवैध है।

## टिकट कटने के बाद सांसद के तीखे तेवर

भाजपा ने ठाकुर को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भोपाल से दोबारा उम्मीदवार नहीं बनाया है। भाजपा नेता ने कहा, लड़कियां दुखी थीं और उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने शिकायत की कि लोग शराब की दुकान पर इकट्ठा होते हैं, उन पर टिप्पणी करते हैं। उन्होंने मुझे बताया कि वे सुरक्षित नहीं हैं और उनके साथ कुछ भी हो सकता है। कुछ महिलाओं ने कहा कि लोग शराब पीकर उनके घरों में घुस जाते हैं। उन्होंने दावा किया कि, वहां मौजूद पुलिस उप-निरीक्षक ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।

ठाकुर ने कहा, लोगों और अधिकारियों ने बताया कि खजुरिया कला बंगला में पाया गया अवैध शराब का ठिकाना भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुदेश राय चलाते हैं। मुझे शर्म आ रही है। मैं पार्टी से मांग करती हूं कि इस तरह के कार्य में शामिल उनके जैसे व्यक्ति को बर्खास्त किया जाना चाहिए।

# सिंहस्थः मोहन सरकार ने बनाई 18 हजार 840 करोड़ रुपए की योजना



**माही की गूंज, उज्जैन।** भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में वर्ष 2028 में लगने वाले महाकुंभ सिंहस्थ की तैयारियों के लिए 18 हजार 840 करोड़ रुपए की योजना बनी है, जिसमें 19 विभिन्न विभागों के माध्यम से 523 कार्य कराना प्रस्तावित है। प्रस्तावित योजना में भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र (चुनावी घोषणा पत्र) की झलक दिखाई पड़ती है।

प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में की। उन्होंने कहा कि, सिंहस्थ से पहले उज्जैन-इंदौर संभाग को धार्मिक-आध्यात्मिक सर्किट के रूप में विकसित करें। कार्य योजना में पशुपतिनाथ मंदसौर, खंडवा स्थित दादा धूनी वाले, भादवा माता, नलखेड़ा, ओंकारेश्वर आदि तक सुगम आवागमन और उनके अधोसंरचना सुधार को सम्मिलित करें। क्षिप्रा नदी के घाटों का विस्तार किया जाए ताकि बड़ी संख्या में श्रद्धालु सरलता से स्नान कर सकें। सड़क मार्गों पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था, मूलभूत सुविधाएं, गेस्ट हाउस विकसित किए जाएं। शहर में संचालित होटलों और धर्मशालाओं की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए।

अफसरों ने बताया कि, आगामी सिंहस्थ में 9 अप्रैल से 8 मई की अवधि में 3 शाही स्नान और 7 पर्व स्नान प्रस्तावित हैं। सिंहस्थ में 14 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है।

## पिछली बार हुए थे साढ़े चार हजार करोड़ के काम

सिंहस्थ-2016 से पहले सरकार ने साढ़े चार हजार करोड़ रुपए के काम उज्जैन और उसके आसपास के जिलों में कराए थे। तब 100 से अधिक सड़कों को चौड़ा किया था और 11 पुल बनाए गए थे। इस बार चार गुना राशि खर्च कर काम कराने का प्रस्ताव तैयार हुआ है।

# प्रियंका गांधी रायबरेली से लड़ेंगी चुनाव, अमेठी और वायनाड से उतरेंगे राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और खासतौर से गांधी परिवार का गढ़ माने जाने वाले रायबरेली और अमेठी सीट पर अटकलों का दौर खत्म होता नजर आ रहा है। कांग्रेस ने रायबरेली से प्रियंका गांधी वाड्रा को उतारने का फैसला किया है। साथ ही राहुल गांधी अमेठी और वायनाड दोनों ही सीटों से लड़ेंगे। फिलहाल, इसका आधिकारिक ऐलान होना बाकी है।



एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि, प्रियंका गांधी रायबरेली सीट से चुनावी डेब्यू करने जा रही हैं। वहीं, राहुल 2019 लोकसभा चुनाव की ही तरह अमेठी और वायनाड से चुनाव लड़ेंगे। खास बात है कि, वाम दलों की तरफ से केरल की वायनाड सीट पर उम्मीदवार का ऐलान कर दिया गया था। इसके बाद से ही अमेठी को लेकर भी चर्चाएं तेज थीं।

## रायबरेली और अमेठी

वर्ष 2004 से ही रायबरेली सीट पर कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी जीत दर्ज करती आ रही थीं। 2019 में वह उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में से कांग्रेस की एकमात्र सांसद थीं। इस बार उन्होंने राजस्थान से राज्यसभा का रुख किया। हालांकि, कहा जा रहा है कि अमेठी की जनता के नाम लिखे पत्र में उन्होंने पहले ही गांधी परिवार से ही उम्मीदवार होने के संकेत दे दिए थे।

राहुल गांधी ने भी चुनावी डेब्यू अमेठी सीट से किया था। इसके बाद उन्होंने यहा 2009 और 2014 में भी जीत दर्ज की। हालांकि, बीते लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने उन्हें 50 हजार से ज्यादा मतों से हरा दिया था।

## सामने कौन...?

भारतीय जनता पार्टी ने बीते शनिवार को ही 195 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इसमें अमेठी का नाम भी शामिल है, जहां से भाजपा ने एक बार फिर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को मौका दिया है। हालांकि, अब तक रायबरेली से उम्मीदवारों के नाम का ऐलान नहीं किया है। पहले अटकलें लगाई जा रही थीं कि इस सीट से भाजपा मनोज पांडे को मौका दे सकती है। फिलहाल, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है।.

# बड़े तालाब को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

**भोपाल।**

सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाते हुए मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के तालाब के मामले में तालाब को पर्यटन निगम की प्रॉपर्टी नहीं माना है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट द्वारा मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम की याचिका को खारिज कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि, जल स्त्रोतों पर पशु-पक्षियों का भी उतना ही अधिकार है, जितना मनुष्यों का है। इसलिए सरकार ऐसा कोई भी काम नहीं कर सकती जिसके चलते पशु-पक्षियों की स्वतंत्रता बाधित होती हो।

## क्या है एमपीटी निगम की तालाब को लेकर योजना...?

दरअसल, मध्य प्रदेश पर्यटन (एमपीटी) विकास निगम भोपाल के तालाब को पर्यटन के लिए उपयोग करना चाहते हैं। उनकी योजना है कि तालाब में क्रूज बोट और पेट्रोल-डीजल इंजन वाली दूसरी बोट चलाई जाना चाहिए। हालांकि प्रोजेक्ट के तहत तालाब में रहने वाले जीव-जंतुओं और पक्षियों पर क्या प्रभाव पड़ेगा इसके लिए प्रोजेक्ट में कोई विचार पेश नहीं किया जाता है।



ज्यादा पैसा कमाने, वीवीआईपी मेहमानों और करोड़पति कारोबारी को स्पेशल लग्जरी लाइफ देने के लिए किसी भी नियम को तोड़ने के लिए यह तैयार रहते हैं।

## सितंबर से लगा प्रतिबंध

वहीं सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पहले, भोपाल के बड़े तालाब, नर्मदा सहित प्रदेश की किसी भी जलाशय में 12 सितंबर 2023 से क्रूज और मोटर बोट का संचालन पर प्रतिबंध लग चुका है। डीजल इंजन से निकलने वाले उत्सर्जन को एनजीटी ने जलीय जीवों के लिए हानिकारक बताते हुए इन्हें बंद करने का सख्त आदेश जारी किया था।

## क्रूज और बोटें हटाई जाएंगी

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद, ओंकारेश्वर, हनुमंतिया, गांधी सागर, तवा रिसोर्ट जैसे पर्यटन क्षेत्रों पर क्रूज और मोटर बोटें तत्काल हटाई जाएंगी। हालांकि पैडल बोटें पर्यटकों के लिए उपलब्ध रहेंगी। वहीं अब इस निर्णय से काफी लोगों को नुकसान होने की संभावना है। हालांकि इसपर सुप्रीम कोर्ट का इस आदेश का हवाला देकर अन्य नदियों के लिए भी यह याचिकाएं लग सकती हैं।

# शिवराज कार्यकाल के 24 पूर्व मंत्रियों को बंगले खाली करने का आदेश

**भोपाल।**

मध्य प्रदेश सरकार ने पिछली शिवराज सिंह चौहान सरकार के 24 पूर्व मंत्रियों को बंगले खाली करने या बेदखली का सामना करने के लिए नोटिस जारी किया है। भाजपा के चार विधायकों को भी नोटिस जारी किया गया है। नोटिस 29 फरवरी को दिए गए थे। बंगले खाली नहीं होने के चलते ही मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा राज्य सरकार के नए मंत्रियों को बंगले आवंटित नहीं किए गए हैं, जबकि उन्होंने लगभग ढाई महीने पहले शपथ ली थी। गृह विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि, एक दर्जन से अधिक मंत्री विधायक विश्राम गृह से काम कर रहे हैं।

नोटिस के अनुसार, मंत्रियों और विधायकों को 10 दिनों के भीतर जवाब देना होगा या गृह विभाग के अंतर्गत आने वाले संपदा निदेशालय के नियमों के अनुसार बेदखली की कार्रवाई का सामना करना होगा। जिन पूर्व मंत्रियों को नोटिस जारी किया गया है उनमें भरत सिंह कुशवाह, कमल पटेल, रामखिलावन पटेल, प्रेम सिंह पटेल, उषा ठाकुर, ओपीएस भदोरिया, अरविंद भदोरिया शामिल हैं। भाजपा नेताओं के अलावा तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व वाली राज्य सरकार के पूर्व मंत्री कांतिलाल भूरिया, तत्कालीन स्पीकर एनपी प्रजापति और 2023 में कांग्रेस में शामिल हुए दीपक जोशी को भी नोटिस जारी किया गया है।



ताजा डेवलपमेट के बारे में कुछ नेताओं ने कहा कि, उन्होंने तो बहुत पहले बंगले खाली कर दिए थे लेकिन ऐसा लग रहा है कि गृह विभाग को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। कांग्रेस नेता दीपक जोशी ने कहा कि, मैंने बहुत पहले ही घर खाली कर दिया था लेकिन गृह विभाग के अधिकारियों को इसकी कोई जानकारी नहीं है। मैंने अधिकारियों को जवाब दे दिया है। वहीं भाजपा नेताओं ने कहा कि, वे जल्द ही बंगले खाली कर देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि नौकरशाही सत्ता और स्थिति में बदलाव के साथ नेताओं का अपमान करने का मौका कभी नहीं चूकती।

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, कई नेता इन बंगलों में सदियों से रह रहे हैं लेकिन शायद ही कोई नोटिस दिया गया हो। अब नौकरशाही हमारे बंगलों पर नोटिस लगाकर अपनी ताकत दिखाने की कोशिश कर रही है। हम इस प्रकार के रवैये से परेशान हैं। वहीं ग्वालियर से लोकसभा चुनाव लड़ रहे भरत सिंह कुशवाह ने कहा, मैंने पहले ही घर खाली कर दिया है और अधिकारियों को सूचित कर दिया है। एमपी कांग्रेस के प्रवक्ता केके मिश्रा ने कहा, भाजपा के कुछ नेता यह मानने को तैयार नहीं हैं कि उन्होंने अपनी ही सरकार में सत्ता खो दी है। यही वजह है कि उन्हें कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है।

# जिस घर में मोदी की फोटो पहुंची, वह गरीब हो गया- मल्लिकार्जुन खरगे

**माही की गूंज, धार।**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पीएम मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि, जैसे ही आप टीवी चालू करते हैं, आपको उस पर मोदी की तस्वीर नजर आ जाती है। जिस घर में मोदी की तस्वीर टीवी पर आई, वह गरीबी में चला जाता है...। पीएम मोदी विकास नहीं चाहते हैं। पीएम मोदी गरीबों की भलाई नहीं चाहते हैं। हमारे बच्चों की पढ़ाई नहीं चाहते क्योंकि यदि गरीब के बच्चे पढ़-लिखकर आगे आ जाएंगे तो उनको मुश्किल आ जाएगी। इसीलिए मोदी गरीबों के खिलाफ डंडा उठाते हैं। कांग्रेस पार्टी जब आगे बढ़ती है तो वे उसे कुचलने का काम करते हैं।



कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, देश में 45 वर्षों में आज सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। देश में रोज महंगाई बढ़ गई है। यह सब मोदी के जमाने में हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी नहीं चाहते हैं कि देश में अमीर-गरीब के बीच की खाई खत्म हो। मोदी चाहते हैं कि अमीर और अमीर होता जाए और गरीब ज्यादा गरीब हो जाए। मोदी ने कहा था, हर वर्ष 2 करोड़ नौकरियां दूंगा, सभी के खाते में 15 लाख रुपए डालूंगा, किसानों की आमदनी दोगुनी करूंगा, किसानों को एमएससी दूंगा लेकिन किया कुछ भी नहीं। मोदी 'झूठों के सरदार' हैं।

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे मध्य प्रदेश के धार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भाजपा पर शिवराज सिंह चौहान को साइड लाइन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भाजपा के नेता कांग्रेस के बारे में उल्टा-सीधा बोलते हैं। कुछ दिन पहले शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि खरगे और राहुल गांधी मिलकर कांग्रेस को खत्म करने के लिए काम कर रहे हैं। सवाल ये उठता है कि भाजपा ने शिवराज सिंह चौहान को सत्ता से क्यों निकाल दिया...?

# महाशिवरात्रि सर्वार्थ सिद्धि योग जैसे कई बेहद शुभ योग के बीच में मनाई जाएगी- पण्डित जैमिनी शुक्ला

**माही की गूंज, झाबुआ।**

कल श्रवण नक्षत्र प्रातः 10 बजकर 40 मीनिट तक तथा शिवयोग एवं सर्वार्थ सिद्धि योग में मनाया जायेगा जो इस महाशिवरात्रि को और अधिक विशेष बना रहे हैं। सर्वाधिक योग प्रातः 6.40 से 10.40 तक एवं शिवयोग पूरे दिन रहेगा जो विशेष बना रहे है। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर भगवान शंकर का श्रेष्ठ द्रव्यों से अभिषेक करने का फल निश्चित ही मिलता है। उक्त जानकारी देते हुए आचार्य पण्डित जैमिनी शुक्ला ने बताया कि, महाशिवरात्रि फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। इस साल की महाशिवरात्रि सर्वार्थ सिद्धि योग जैसे कई बेहद शुभ योग के बीच में मनाई जाएगी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती की वैवाहिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

उन्होने बताया कि पंचांग के अनुसार इस बार महाशिवरात्रि पर कई शुभ योग एक साथ बने हैं, इसलिए इस साल यह त्योहार बहुत ही शुभ फल देने वाला माना जा रहा है। महाशिवरात्रि फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। इस साल की महाशिवरात्रि स्वार्थ सिद्धि योग जैसे कई बेहद शुभ योग के बीच में मनाई जाएगी।

### महाशिवरात्रि पर शिव योग

महाशिवरात्रि पर शिव योग का संयोग भी बना है। शिव योग साधना, मंत्र, जप और तप के लिए बहुत ही अच्छा होता है। इस योग में महाशिवरात्रि का व्रत रखने से भगवान शिव तक आपकी प्रार्थना शीघ्र ही पहुंच जाती है। महाशिवरात्रि के दिन शुभ योग होने से आपकी साधना पूर्ण होती है और आपको भगवान शिव का आशीर्वाद मिलता है।



### निशिता काल में सिद्धि योग

उन्होने बताया कि महाशिवरात्रि पर निशीता काल की पूजा के वक्त सिद्धि योग होगा और इस काल में शिव साधना का संपूर्ण फल प्राप्त होता है। इस योग में शिव पूजा के लिए किए जाने वाले सभी उपाय बहुत ही असरदार माने जाते हैं और भोले बाबा बहुत जल्द आपसे प्रसन्न होकर आपकी सभी मनोकामनाएं शीघ्र पूर्ण करते हैं। आपके सुख में वृद्धि होती है और सभी कार्य सरलता से पूर्ण हो जाते हैं।

शिवजी की पूजा अर्चना के बारे मे उन्होने बताया कि भगवान भोलेनाथजी को जल अर्पित करने से वर्षा की प्राप्ति ,कुशा का जल अर्पित करने से शांति ,दही से पशु प्राप्ति ,ईख (गन्ने ) के रस से लक्ष्मी प्राप्ति, मधु (शहद) और घी से धन की प्राप्ति, दुग्ध (दूध) से पुत्र की प्राप्ति, जल की धारा से शांति प्राप्ति। 1000 शिवायनमः मंत्रो सहित घी की धारा से वंश की वृद्धि, और केवल दूध की धारा अर्पित करने से प्रमेय रोग से मुक्ति और मनोकामना की पूर्ति होती है, शक्कर मिले हुए दूध अर्पित करने से बुद्धि निर्मल होती है, सरसों या तिल के तेल से शत्रु का नाश होता है अथवा शत्रु से संबंध सुधारते हैं और रोग से मुक्ति मिलती है, शहद अर्पित करने से यक्ष्मा रोग (टीबी रोग) से रक्षा होती है तथा पाप का क्षय होता है, पुत्रार्थी को भगवान शिव का अभिषेक शक्कर मिश्रित जल से करना चाहिए, उपरोक्त द्रव्यों से अभिषेक करने से शिवजी अत्यंत प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं।

## धूमधाम से मनेगी महाशिवरात्रि

**माही की गूंज, काकनवानी।**



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अत्यंत ही हर्षोल्लास के साथ भगवान भोलेनाथ का महापर्व महाशिवारात्री पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी। जिसमे सिद्धेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में विराजित देवों के देव महादेव श्री सिद्धेश्वर महादेव का प्रातः साढ़े 9 बजे से दोपहर ढाई बजे तक अभिषेक एवं लघुरुद्र किया जाएगा। त्तपश्चात महादेव जी का श्रृंगार एवं शाम साढ़े 4 बजे से राजाधीराज महाकाल भोलेनाथ सरकार की शाही सवारी कल ग्राम भ्रमण पर निकाली जाएगी। इसके पश्चात शिव मंदिर प्रांगण में भक्तगण हेतु प्रसादी का वितरण किया जाएगा। इसके उपरांत रात्री 8 बजे श्री सिद्धेश्वर महादेव जी की महाआरती उतारी जाएगी एवं रात्री साढ़े 8 बजे से 11 बजे तक भजन संध्या सिद्धेश्वर महिला मंडल द्वारा की जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसः एक दिन अपने लिए, अपनी रुचि का काम करें - मंत्री निर्मला भूरिया

**माही की गूंज, झाबुआ।**

कल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। भोपाल में महिला-बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार को रवीन्द्र भवन में इस वर्ष की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम ÷इन्वेस्ट इन वुमन-एक्सीलरेट प्रोग्रेस'' पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि, महिला दिवस एक ऐसा दिन है, जिसमें हर महिला एक दिन वह अपने लिए अपनी रुचि का काम करें। यह एक दिन का नहीं, बल्कि भविष्य में उत्सव के रूप में मनाया जायेगा।

मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि वर्तमान समय में लैंगिक समानता हासिल करने का दबाव बढ़ रहा है। जीवन के सभी पहलुओं में महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को सुनिश्चित करना, समृद्ध और न्यायसंगत अर्थ-व्यवस्था को बढ़ावा देना और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ, सुरक्षित दुनिया निर्मित करना ही एकमात्र तरीका है।

उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में तरह-तरह की सांस्कृतिक विविधता के साथ ग्रामीण, शहरी और आदिवासी अंचलों में महिलाओं के सशक्तिकरण की अलग-अलग स्थिति है। सुश्री भूरिया ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन की शुरूआत स्वयं से होती है। परिवार और समाज को किस दिशा में ले जाना है, यह हम सभी को मिलकर सोचना होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छोटी उम्र के लड़कों के लिए भी आयोजित किए जायें, जिससे उन्हें भी गाइड किया जा सके। इसके लिए महिला-बाल विकास विभाग के साथ गृह और स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर नये प्रोग्राम तैयार किये जायेंगे।

कार्यक्रम में एडीजी श्रीमती ऋचा श्रीवास्तव ने महिलाओं से ज्यादा से ज्यादा पुलिस में भर्ती होने का आहवान करते हुए कहा कि हम अगर आधी आबादी हैं, तो हमें अपनी पूरी शक्ति दिखानी होगी। यूएनएफपीए के श्री सुनील थॉमस जैकब ने कहा कि महिलाएँ आगे आकर अपनी बात रखने की क्षमता रखें। किशोरियों में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना, बाल विवाह रोकथाम, परिवारों को भी शिक्षित करना और सामाजिक स्तर पर लड़का-लड़की में भेदभाव न हो, यह सोच भी विकसित करना आवश्यक है।

# नई युवा समिति का हुआ गठन

**माही की गूंज, काकनवानी।**

पंचाल समाज के नवयुवकों द्वारा एक समिति का गठन किया गया जो की पूर्व में करीब 15 वर्षों से चली आ रही है। जिसमें 3 वर्ष का कार्यकाल निश्चित किया गया था। जिसके अंतर्गत मंगलवार की रात्रि में पूर्व गठित समिति के कार्यकाल पूर्ण होने पर समिति भंग कर नई समिति का गठन किया गया। यह समिति लुहार युवा समिति के नाम से समिति गठित की गई। इस नवीन समिति में अनिल मोतीलाल पंचाल अध्यक्ष, नरेश गणपत पंचाल उपाध्यक्ष, राजेश नाथाजी पंचाल उपाध्यक्ष, देवेंद्र शांतिलाल पंचाल कोषाध्यक्ष, यश कन्हैयालाल पंचाल, मेहुल सुभाष पंचाल सचिव एवं रोशन पूनमचंद पांचाल सह सचिव नियुक्त किए गए। इन पदाधिकारी के सहयोग के लिए सदस्य गण में मोहित नरेशचंद्र पंचाल, जय राकेश पंचाल, आर्य जितेंद्र पंचाल, देवेंद्र रमेश पंचाल, राजेश रसिक पंचाल, मनोज रमेश पंचल मयंक नरेशपंचाल, भव्य जगदीश पंचाल एवं धीरज बाबूलाल पंचाल के नाम की सहमति से लोहार युवा समिति में जोड़े गए। समिति में पूर्व अध्यक्ष प्रवीण कचराजी पंचाल ने नवीन अध्यक्ष अनिल पचांल को पुष्पहार पहना कर बधाई दी एवं नए अध्यक्ष ने पुराने अध्यक्ष को शाल श्रीफल भेंट किया। पूर्व सचिव गोलू पूनमचंद पंचाल ने वर्तमान में नवीन कार्यकारिणी का पुष्प हार से स्वागत किया। तत्पश्चात राजेंद्र मणिलाल पंचाल ने समस्त कार्यकारिणी का एवं उपस्थित जन समुदाय का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।



# कृषि एवं सहकारिता सम्मेलन का आयोजन

**माही की गूंज, झाबुआ।**

आजीविका भवन झाबुआ में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अन्तर्गत कृषि एवं सहकारिता सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेखा राठौर, अपर कलेक्टर एस.एस. मुजाल्दा एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भिण्ड से किसान कल्याण योजना अन्तर्गत 80 लाख से अधिक किसानो को 1816 करोड रु. की राशि का अंतरण एवं फसल बीमा योजना (खरीफ) अंतर्गत 2579217 किसानो को 755 करोड रु. की राशि का अंतरण सिंगल क्लिक के माध्यक से किया गया। साथ ही विभाग कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण भी किया गया।



जिले में मुख्यमंत्री द्वारा जिले के कुल 1 लाख से अधिक कृषकों को रूपये 2000/- प्रति किश्त के मान से वर्ष 2023-24 की तृतीय किश्त हेतु रुपए 25 करोड़ से अधिक की राशि सीधे उनके खाते में ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से अंतरित की गई।

# सात अवैध कालोनियों के कालोनाइजरों पर कलेक्टर ने दिए एफआइआर के निर्देश

**माही की गूंज, रतलाम/जावरा।**

जावरा क्षेत्र में सात अवैध कालोनियों के कालोनाइजरों पर एफआइआर के लिए कलेक्टर भास्कर लाक्षाकार द्वारा निर्देशित किया गया है। इसके लिए एसडीएम राधा महंत को अधिकृत किया है। ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ी सात अवैध कालोनाइजरों द्वारा स्वयं की आधिपत्य की भूमियों के टुकड़े कर विक्रय किए जाने से अवैध कालोनी विकसित किया जाना पाया गया है। इन कालोनाइजरों के विरुद्ध एफआइआर के निर्देश दिए हैं।

इन कालोनी के भूमियों के क्रय-विक्रय पर रोक लगाने के दिए निर्देश




जावरा के सुनील कुमार, बाबू शाह, हिम्मतसिंह आंजना निवासी ग्राम कामलिया, जावरा के अनिल कुमार, ग्राम नांदलेटा के सिकंदरसिंह, रतलाम के सुभाषचंद्र, जावरा के नूर खां तथा नादिर शाह शामिल है। कालोनाइजरों की भूमियों के संबंध में एसडीएम राधा महंत को उक्त भूमि स्वामियों के भूमि के सर्वे क्रमांकों के भू-अभिलेख के कालम क्रमांक 12 में अवैध कालोनी की भूमि दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

जिला पंजीयक रतलाम तथा उप पंचायत जावरा को भूमियों के क्रय-विक्रय पर रोक लगाने हेतु निर्देशित किया है। उपसंचालक ग्राम तथा नगर निवेश को आवासीय, व्यावसायिक अधिन्यास मानचित्र के अनुमोदन पर रोक लगाई जाने तथा संबंधित ग्राम पंचायत के सचिवों को आवासीय या व्यावसायिक निर्माण आदि की अनुमति पर रोक लगाने हेतु निर्देशित किया है।

## कॅरियर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**माही की गूंज, चं.शे. आजाद नगर।**

शासकीय महाविद्यालय चन्द्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) में प्राचार्य डॉ. एसएस डोडवे की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. एमएस डोडवा ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. दिलीप गरवाल ने छात्र-छात्राओं को कॅरियर को लेकर प्रेरित किया। प्रो. गरवाल ने बताया कि, कॅरियर में सफलता प्राप्त करने के लिए सभी विषयों का ज्ञान होना जरूरी है। विद्यार्थी को सभी संकाय का ज्ञान होना चाहिए। प्रो. कमलेश गणावा ने विद्यार्थियों को कॅरियर में सफलता प्राप्त करने के लिए साहसी बनाकर आगे बढ़ाने की सलाह दी है। कदम-कदम पर आने वाले कठिनाइयों का सामना कर आगे बढ़ने की सलाह दी। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे। आभार प्रो. संदीप बामनिया ने माना।



# गेहूं उपार्जन हेतु कृषक नहीं दिखा रहे रुचि

**माही की गूंज, आम्बुआ।**

शासन के निर्देशानुसार सहकारी संस्थाओं के माध्यम से आगामी दिनों में कृषकों की गेहूं, चना, सरसों, मसूर आदि की खरीद की जाना है, जिसके लिए ऑनलाइन पंजीयन करना है। सहकारी संस्थाओं में इस हेतु निःशुल्क पंजीयन किया जा रहा है मगर कृषक इस ओर रुचि नहीं दिखा रहे।

मिली जानकारी के अनुसार प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रदेश सरकार के निर्देश पर कृषकों की रबी फसलों में गेहूं, चना आदि शासकीय भाव से खरीदे जाने हेतु कृषको का पंजीयन 5 फरवरी से प्रारंभ किया गया। आम्बुआ में अभी तक मात्र दो कर्षकों ने पंजीयन कराया है। विगत वर्ष भी कुछ कृषकों ने पंजीयन तो कराया था मगर उपज बेचने एक भी कृषक नहीं आया था।



कृषकों ने बताया कि, सरकारी भाव से अधिक भाव बाजार में मिल रहे हैं साथ ही नगद भुगतान हो जाता है जबकि बैंक (सहकारी संस्था) में भुगतान अविलंब से होता है तथा बैंक में जाना पड़ता है। इस कारण कृषक बाजार में तथा निजी तौर पर ग्राहकों को बेच देते हैं। इस बार भी यही स्थिति रहने की उम्मीद की जा रही है।

आम्बुआ शाखा प्रबंधक डीएस भयडिया ने बताया कि, हम पंजीयन हेतु प्रयास कर रहे हैं मगर कृषक नहीं आ रहे हैं।

# विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**माही की गूंज, झाबुआ।**

जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ श्रीमती विधि सक्सेना के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विजय पाल सिंह चौहान की अध्यक्षता एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती पूनम सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी सागर अग्रवाल, अधिवक्ता विश्वास शाह की उपस्थिति में बुधवार को ग्राम पंचायत मिण्डल जिला झाबुआ में नालसा योजनाओं अंतर्गत निम्न विषयों पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विजय पाल सिंह चौहान ने ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए कहा कि, यह शिविर ग्राम पंचायत स्तर पर कानूनी जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। जो निश्चित रूप से हमारे समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा। आज के युग में कानून का ज्ञान होना हर नागरिक के लिए अत्यंत आवश्यक है। कानून हमें न्याय दिलाने में मदद करते हैं और हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाते हैं। जब हम कानूनों को समझते हैं तो हम अपने जीवन में बेहतर निर्णय ले सकते हैं और गलतियों से बच सकते हैं। इस शिविर का उद्देश्य आपको विभिन्न कानूनों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने आगामी 9 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, आदिवासियों के अधिकार, नशा उन्मूलन, महिला कानून जैसे विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती पूनम सिंह ने कहा कि, जैसा कि आप जानते हैं कानून समाज के सुचारू संचालन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। वे हमें न्याय प्रदान करते हैं हमारे अधिकारों की रक्षा करते हैं और हमें एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण समाज में रहने में मदद करते हैं। लेकिन कई बार लोग कानूनों की जानकारी न होने के कारण अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं या गलत कामों में फंस जाते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हम सभी कानूनों के बारे में जागरूक हों। श्रीमती सिंह ने गरीबी उन्मूलन, दहेज प्रथा, बाल अधिकार, घरेलू हिंसा जैसे आदि विषयों पर ग्रामीणजनों को बताया।



शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी सागर अग्रवाल ने नालसा, सालसा योजनाओं की जानकारी, पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड एवं शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में अधिवक्ता विश्वास शाह ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, दापा, शिक्षा, बाल मजदूरी जैसे विषयों पर जानकारी प्रदान की। शिविर में प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित पेम्पलेट्स वितरित किये गये। शिविर में ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, तडवी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# ग्रामीण विकास के माध्यम से जनसमुदाय को हस्तांतरित हुई एचआरडीपी परियोजना

**माही की गूंज, झाबुआ।**

रामा विकास खण्ड के ग्राम भुराडाबरा में स्थित सबरी धाम गौशाला में 450 से अधिक महिलाओं एवं पुरुषों की उपस्थिति में समग्र ग्रामीण विकास परियोजना का हस्तांतरण समारोह के माध्यम से जनसमुदाय को किया गया। उक्त परियोजना एचडीएफसी बैंक परिवर्तन तथा बाएफ लाइव्लीहुड्स, मध्यप्रदेश द्वारा गत जनवरी 2021 से संचालित की जा रही हैं। जिसके हस्तांतरण कार्यक्रम में सर्वप्रथम आए अतिथियों का आदिवासी समुदाय द्वारा पारम्परिक एवं क्षेत्रीय संस्कृति अनुसार ढ़ोल एवं मांदल के द्वारा स्वागत किया गया।

हितग्राहियों और सामुदायिक प्रेरकों के द्वारा ढोल मांदल पर नृत्य कर अभिवादन किया गया तत्पश्चात बाएफ के रीजनल इन्चार्ज जे.एल.पाटीदार द्वारा कार्यक्रम प्रस्तावना पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि, रामा विकास खण्ड के दस गांवो में सामुदायिक सहभागिता से कडकनाथ हैचरी ईकाई, 378 व्यावसायिक पोल्ट्री जिसमें 87 रिप्लीकेशन, 120 परिवारों को सिरोही नस्ल की बकरियो का सहयोग, 50 नस्ल परिवर्तन हेतु समुह में सिरोही नस्ल के बकरा की उपलब्धता, 4000 बकरा-बकरियों में टीकाकरण, 400 मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 300 उन्नत बीज प्रदर्षन प्लाट, 237 परिवारों को अधिक मुल्य आधारित फसलों का विभिन्न विधियों में प्रदर्षन, 10 गांवो के विद्यालयों में संस्थागत षिक्षा विकास, 100 सोलर स्ट्रीट लाईट, 890 परिवारों को सोलर होम लाईट, 04 जैविक खाद निर्माण इकाई, 100 शिवांष जैविक खाद का निर्माण, 05 गावों में 8000 मास प्लान्टेषन, 17 बांस के हस्थ षिल्पकारों को कौषल विकास प्रषिक्षण एवं उनका मार्केट से लिंकेज, 10 युवाओं को ई-दोस्त का कौषल विकास, 05 पक्का चेक डेम, 16 कोरवाल गेबियन, 38 खेत तालाब/रिचार्ज पौण्ड, 10 कुआ गहरीकरण, 05 नाला गहरीकरण, कोविड के दौरान 2300 परिवारों को राषन किट का सहयोग करते हुए 2300 परिवारों में से कुल 2040 परिवारों को लाभान्वित किया गया है।



कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों जैसे एनआरएम, कडकनाथ इकाई, जैविक उत्पादन, उच्चमुल्य वाली फसलें, मौसम अनुकुलित फसल, हरित घास विकास, हस्तषिल्पकार के उत्पाद, ग्राम स्वराज किसान उत्पादक संगठन के बायोप्रोम, एफडीपी मन्दसौर की वाड़ी परियोजना की बेस्ट प्रेक्टिसेस तथा संतरे एवं पपीता उत्पाद आदि की लगायी गयी प्रदर्षनी का फीता काटकर सभी अतिथियों के द्वारा अवलोकन किया गया।

# चोरों ने 4 जगह बोला धावा, 2 जगह हुई चोरी पर मामला एक भी दर्ज नहीं



**माही की गूंज, खवासा।**

क्षेत्र में लगातार चोर सक्रिय ओर पुलिस निष्क्रिय नजर आ रही है। चोर, चोरियों की वारदात को लगातार अंजाम दे रहे है। ऐसे में चौराहों पर चर्चा आम है कि, आखिर पुलिस को क्या हो गया। सुबह होते ही खवासा की होटल, चाय दुकानों पर लोग चोरियों की चर्चाएं करते व सुने जा रहे हैं लेकिन जनता के विश्वास पर पुलिस खरा उतर नहीं पा रही है। यह कहना बिल्कुल सही है कि, कल रात स्थानीय पुलिस की निष्कर्ता के चलते ग्राम में चार जगह चोरों ने चोरी को अंजाम दिया। पिछले साल भी कई पानी की मोटर व केबल चोर चोरी करने में सफल रहे, लेकिन पुलिस आज तक चोरों को ढूंढने में सफल नही रही। इससे चोरों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। तो क्षेत्र की जनता का पुलिस से विश्वास उठता नजर आ रहा है। आखिर क्यों पुलिस चोरों तक पहुंचने में कामयाब नहीं हो पा रही है। क्या पुलिस का खुफिया तंत्र इतना कमजोर हो गया की छोटी-छोटी चोरियो का खुलासा तक नहीं कर पा रही है। बताया जा रहा है, सोमवार-मंगलवार की रात खवासा की चौकी से महज 100-200 मीटर दूरी पर चोरी हुई, राहुल पाटीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि, मैं कमरे में मोबाइल चला रहा था। जिसके बाद अचानक नीचे से कुछ आवाज आ रही थी। जिसके बाद में उठ कर छत से नीचे देखा तो 2 से 3 लोग ताला तोड़ रहे थे। तभी मुझे देख चोर भाग गए जिसके बाद पूरे मोहल्ले में हलचल मच गई।



सुनील पाटीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि, बीती रात हमारे परिवार में शादी के कार्यकम था और शादी के कार्यकम में बारात में गए हुए थे। मेरे मकान में ताला लगा हुआ था तभी रात्री मे अज्ञात चोरो ने घर का ताला तोड़कर घर में घुसकर चाँदी एंव नगदी रुपए चुरा ले गये। सुबह घर पर आने पर देखा कि घर का ताला टुटा हुआ है। गोदरेज का लॉक तोडकर चाँदी कि दो मुर्तीया 250 ग्राम व 2 चांदी के सिक्के ओर दो जोडी पाईजब 250 ग्राम, नगदी दस हजार रूपये चुरा ले गये।

मामले को लेकर खवासा चौकी प्रभारी हीरालाल मालीवाड़ ने माही की गूंज को जानकारी देते हुए बताया, हमें जैसे ही सूचना मिली हमने रात्रि में गस्त भी बढ़ा दी और चोरों को ढूंढने का भी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। प्रकरण पंजीबद नहीं हुआ है, आवेदन आए हैं, मामले की जांच की जा रही है।

# कल धूमधाम से मनाई जाएगी शिवरात्रि , मंदिरों की जा रही साज-सज्जा

## नीलकंठेश्वर महादेव की निकलेगी भव्य सोभा यात्रा



**माही की गूंज, पेटलावद।**

शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व देश भर में मनाया जाएगा । नगर में भी महाशिवरात्रि को धूमधाम से मनाने को लेकर तैयारियां अंतिम चरणों मे पहुँच चुकी है । नगर में नीलकंठेश्वर महादेव सहित नगर के सभी शिवालयों पर आयोजन होना है । मुख्य आयोजन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित होता जहां सुबह से शिव भक्तों का तांता लगता है । भगवान का आकर्षण श्रंगार किया जाता है । कल नगर में भगवान की शोभायात्रा शिव जी की बारात भी निकाली जाएगी जिंसमे भगवान के विभिन्न स्वाग के रुप मे कलाकार उपस्थित रहेंगे। शिवजी की बारात विभिन्न मार्गो से होती हुई पुनः मंदिर पहुँचेगी। भगवान शिव का पसंदीदा भोग भांग की प्रसादी, साबूदाने की खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। अंचल में महाशिवरात्रि को लेकर शिवालयों को सजाया जा रहा है और कल होने वालों आयोजन की तैयारीया जोर शोर से चल रही है।

## शिवालयों में होंगे कई आयोजन



**माही की गूंज, करवड़।** कल महाशिवरात्रि का महापर्व है। जिसको लेकर शिव भक्तों में काफी उत्साह है। इसी के चलते ग्राम में विभिन्न शिवालयों में तैयारियां जोर-जोर से चल रही है। मंशापूर्ण महादेव मंदिर पर भव्य आयोजन के साथ बामनिया रोड स्थित भोलेनाथ मंदिर पर शिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव की बारात और शिव पार्वती विवाह का आयोजन होगा। जिसमे बडौदा की ढोल पार्टी के साथ शिव अघोरी नृत्य, आकर्षक झांकी एवं महाप्रसाद का आयोजन होगा। साथ ही भोलेनाथ मंदिर, पुलिस चौकी शिव मंदिर एवं गांव के बीच स्थित पुराने शिव मंदिर पर भी आयोजन होंगे। बामनिया रोड स्थित मंशापूर्ण महादेव मंदिर पर प्रतिदिन दर्शन पूजन के लिए भक्तों का जमावड़ा लगता है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पर्व पर मंदिर का रंग रोशन होने के अलावा आकर्षक विद्युत साज के साथ मंदिर और शिखर विद्युत सजावट से मनमोहक लग रहे हैं।

## धूमधाम से मनाई जाएगी महाशिवरात्रि

**माही की गूंज, पारा।** ग्राम के प्राचीन शंकर मंदिर पर पिछ्ले 8 दिनों से महाशिवरात्रि के शुभ अवसर को लेकर साफ-सफाई अभियान कर मंदिर को सजाया गया है। तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है। तीन दिन पूर्व से ही पारा की महिला मंडल द्वारा ढोलक, मंजीरा के साथ भजन कीर्तनों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल द्वारा हल्दी, मेहंदी मंडप का भी आयोजन किया गया। वहीं भोजन प्रसादी का आयोजन भी होगा। 8 मार्च को भगवान भोलेनाथ का प्रातः काल अभिषेक किया जाएगा। जिसके बाद ग्राम के शिव भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ को पालकी में बिठाकर गाजे-बाजे के साथ ग्राम में शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। भक्तों द्वारा प्रसादी वितरण की जाएगी। रात 8 बजे के बाद पारा की रामायण मंडल द्वारा भजन कीर्तन का दौर चलेगा, रातभर जागरण किया जाएगा तथा महाआरती पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा।



## शांति समिति की बैठक, गांव वालों से सहयोग की अपेक्षा



**माही की गूंज, पारा।** आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस चौकी पारा में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरपंच, पंच, तड़वी, पटेल व गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। बैठक के लिए चौकी प्रभारी विजेंद्र सिंह सांवरिया ने दो दिन पूर्व से ही शांति समिति की बैठक की सूचना ग्रामीणों व पत्रकारों को दे दी थी। इस बैठक में झाबुआ कोतवाली थाना प्रभारी राजू सिंह बघेल भी उपस्थित हुए तथा आगामी त्यौहारों को शांति और सौहार्द से मनाने के लिए कहा। आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि, भगोरिया, होली, रमजान त्योहारों को लेकर चर्चा की गई। कहा कि, आप सभी लोग आपसी सद्भावना से सभी त्यौहार मिलजुल कर मनाए, कहीं पर भी कोई भी घटना नहीं होने दे व किसी प्रकार की घटना होती है तो स्थानीय पुलिस को सूचना दे। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था पर भी जोर दिया गया। गांव की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर बघेल ने होली, भगोरिया पर गांव के ट्रैफिक को परिवर्तन करने व झाबुआ, राणापुर, राजगढ़, बोरी से आने-जाने वाले वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर ट्रैफिक कंट्रोल करने की बात कही।

बैठक में बताया गया कि, गांव के दुकानदारों ने अतिक्रमण कर बीच सड़क पर दुकानों का सामान रखा हुआ है, जिसे हटाने व सड़कों को खुले रखने को कहा। वही यह भी बताया गया कि, भगोरिया से पहले आचार संहिता लगने की संभावना है, भगोरिया में ढोल मांदल के साथ गैर निकालने वाले संगठन अनुमति अवश्य ले। भगोरिया के दिन अवैध रूप से शराब, ताड़ी आदि बेचने पर प्रतिबंध रहेगा। अवैध रूप से बेचते पाए जाने पर कठोर कारवाई की जाएगी। साथ ही भगोरिया में झूले चक्रीय आदि 3 बजे तक बंद करने की बात कही। उक्त बैठक में पारा चौकी प्रभारी विजेंद्र सिंह छाबरिया, एएसआई शिवकुमार शर्मा, विपिन वर्मा, रमेश मीनावा सहित पुलिस टीम व जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

# 40 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान, 163 लोगों का हुआ नेत्र परीक्षण

## बामनिया में श्री सांचल सोनाणा तीर्थ धाम पर हुआ शिविर का आयोजन



**माही की गूंज बामनिया।**

ग्राम के पेटलावद रोड स्थित प्रसिद्ध श्री सांचल सोनाणा तीर्थ धाम पर रविवार को सुबह 10 बजे से निशुल्क नैत्र चिकित्सा शिविर व रक्तदान शिविर का आयोजन श्री सोनाणा खेतलाजी भेरूजी ट्रस्ट के तत्वावधान में हुआ। जिसमें कुल 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया व 163 लोगों का नेत्र परीक्षण हुआ वहीं 24 लोगों के दांतों का परीक्षण भी हुआ। उक्त शिविर का लाभ सरेकुंवर बाफना की स्मृति में भंवरलाल बाफना परिवार बामनिया-रतलाम द्वारा लिया गया।

रक्तदान शिविर मानव सेवा समिति, रतलाम के सहयोग से किया गया। वहीं निशुल्क नैत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन श्री जैन दिवाकर लाभमुनि चिकत्सालय, मंदसौर के सहयोग से संपन्न् हुआ। वहीं मरीजों के दांतों की जांच रतलाम से आए दंत चिकित्सक डॉ. हर्षित राठौर, द्वारा की गई। शिविर में जांच पश्चात् 18 चयनित मरीजों को ऑपरेशन के लिए बामनिया से मंदसौर बस द्वारा निशुल्क ले जाया गया। जहां मरीजों के आवास व भोजन व मोतियाबिंद ऑपरेशन की व्यवस्था लाभमुनि नैत्र चिकित्सालय में निशुल्क रहेगी।

इस अवसर पर ट्रस्ट के संरक्षक व तीर्थ के गादीपति विवेक लुणावत, मुख्य परामर्शदाता भंवरलाल बाफना, अध्यक्ष कांतिलाल वागरेचा, उपाध्यक्ष मनोज बरबेटा व कोषाध्यक्ष मयंक बाफना, ट्रस्टी बजरंग लाल अग्रवाल, प्रदीप मोदी, राजेंद्र मेहता, अर्पित राठी, विकास मेहता व विनोद बाफना, संजय बाफना, पवन राठौर, अमित चाणोदिया, आदर्श गांधी, रौनक कोठारी, भरत कौशल, हरिओम उपलाना, वासुदेव पाटीदार आदि डॉक्टरों की टीम उपस्थित थे।

श्री लाभमुनि जन सेवा ट्रस्ट, मंदसौर के अध्यक्ष सागरमल जैन नें बताया कि संस्था के द्वारा विगत 1 वर्ष में 9 हजार से अधिक जरूरतमंद मरीजों की आंखों का निशुल्क उपचार व मोतियाबिंद किया जा चुका है।

बामनिया शिविर में आए मानव सेवा समिति के अध्यक्ष मनोहरलाल मुरलीवाला ने बताया कि संस्था की स्थापना से अब तक संस्था लगभग 2 लाख से अधिक लोगों का रक्तदान करवा करवा चुकी है। संस्था मानव सेवा के क्षेत्र में जरूरतमंद मरीजों को हर संभव मदद करती है। वहीं आपदा बाढ़ पीड़ित क्षेत्रो में भी सहयोग करती है। संस्था द्वारा इस वर्ष करीब 4 हजार बच्चों को निशुल्क स्वेटर भी वितरण किए गए हैं।

## मंत्री ने आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ देखी लापता लेडीज फिल्म



**माही की गूंज, झाबुआ।**

महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने विभाग द्वारा ÷लापता लेडीज'' फिल्म के विशेष शो को आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सिनेमा-घर जाकर देखा। सुश्री भूरिया ने कहा कि ÷लापता लेडीज'' महिला सशक्तिकरण का संदेश देती फिल्म है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव महिला-बाल विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी एवं आयुक्त महिला-बाल विकास श्रीमती सूफिया फारुखी वली भी उपस्थित थीं।

मंगलवार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, महिला एवं बाल विकास के अधिकारियों और महिला कर्मचारियों के साथ भोपाल स्थित सिनेमा घर में लापता लेडीज फिल्म देखकर उन्हें महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। रुस्चंजस्कपमे एक मनोरंजनीय फिल्म है जो दर्शकों को हर्षित करने के साथ-साथ उन्हें सोचने के लिए भी प्रेरित करती है । लापता लेडिज एक बेहतरीन स्टारकास्ट के साथ एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश देती हैं ।

## ओंकारेश्वर महादेव मंदिर पर महोत्सव की तैयारी



**माही की गूंज, सारंगी।** नगर की अति प्राचीन मंसा महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव भक्तों द्वारा तैयारी की जा रही है। यह पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाएगा। ग्राम में इस पर्व को लेकर शिव भक्त मे काफी उत्साह नजर आ रहा हैं। कल शिवरात्रि को भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। अति प्राचीन मंदिर की विशेषता यह है कि, यहां पर शिव भक्त मंसा महादेव से जो भी मांगता है बाबा की कृपा से भक्त की मनोकामना पूर्ण होती है। शिवलिंग का आकर्षित श्रृंगार किया जाएगा साथ ही पूरे मंदिर परिसर में आकर्षक लाइटिंग कर सजाया जा रहा है। शिवरात्रि को लेकर शिव भक्तों में उत्साह का माहौल है। शिवरात्रि के दिन रात 9 बजे महाआरती की जाएगी एवं महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति के शिव भक्तों ने ग्राम के सभी शिव भक्तों को कार्यक्रम में शामिल होकर लाभ लेने का आग्रह किया है।

# सांसद प्रत्याशी अनिता नागरसिंह चौहान का हुआ गर्मजोशी के साथ स्वागत





**माही की गूंज, पेटलावद।**

रतलाम संसदीय क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार श्रीमती अनीता नागरसिंह चौहान के प्रत्याशी बनाये जाने के बाद प्रत्याशी अनिता चौहान पूरे लाव लश्कर के साथ कार्यकर्ताओ के बीच पहुँची। सोमवार रात नगर के रेस्ट हाउस पहुँची जहाँ पेटलावद क्षेत्र के भाजपा सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, जन सामान्य, संगठन की विभिन्न शाखाओं, संस्थाओं आदि ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। इस दौरान अनिता चौहान के पति व वन मंत्री नागरसिंह चौहान, भाजपा अध्यक्ष भानु भूरिया, अलीराजपुर विधानसभा के प्रभारी शैलेष दुबे, झाबुआ-अलीराजपुर जिले के कई भाजपा नेता उपस्थित रहे।

इस स्वागत से अभिभूत श्रीमती अनीता चौहान ने सरल भाषा में उद्बोधन से सबका हृदय जीत लिया। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि, लोकसभा क्षेत्र में 2300 से ज्यादा बूथ है। हर बूथ पर मेरा जाना संभव नहीं है। बूथ का कार्यकर्ता भाजपा का कमल है। वह माननीय मोदी जी के रूप में उम्मीदवार है। मैं तो सिर्फ एक माध्यम हूं भारत को विश्व गुरु व महान शक्तिशाली बनाने के लिए आप सबको मोदी जी को जिताना है। दीपावली व राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कर हम दो दीपावली मना चुके हैं। अब तीसरी दीपावली हमें लोकतंत्र की मनाना है और लाखों वोटो से भाजपा को जिताना है।

वन मंत्री नागरसिंह चौहान ने कहा कि, न मैंने, न मेरी पत्नी ने टिकट मांगा था पर भाजपा में जहां व्यक्ति नहीं विचारधारा लड़ती है उसने अनीता जी का चयन किया। यह भाजपा की जमीनी सोच को दर्शाता है। हमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः जीताकर महान भारत देश को विश्व की शक्ति के रूप में स्थापित करना है। देश के प्रधानमंत्री ने हर असंभव कार्यों को संभव कर दिखाया है। सर्वाहारा वर्ग, किसान, हर व्यक्ति के लिए विकास की गंगा बहाई है। गरीबो के लिए, किसानों के लिए हर किसी के लिए उन्होंने कार्य किया। अब फिर से देश को नरेन्द्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री देकर इतिहास रचना है। भाजपा में विचारधारा और कार्यकर्ता ही चुनाव लड़ता है और वह जीतता भी है। जिस तरह से मध्य प्रदेश में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी उसी तरह से 400 पार की बात को सही सिद्ध करने के लिए मध्यप्रदेश की सभी सीट को जीतकर हमें दिखाना है।

## आईमाता मंदिर पहुँचकर लिया आशीर्वाद

भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अनीता नागरसिंह चौहान क्षेत्र के आई माता मंदिर पर आशीर्वाद लेने पहुंची। जहां पर बड़ी संख्या में समाज व किसान वर्ग के लोगों ने उपस्थित होकर उनका स्वागत किया। उन्होंने आई माता से आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

## संपादकीय

# भ्रष्ट जनप्रतिनिधियों को सुरक्षा कवच नहीं



देश की शीर्ष अदालत ने एक बार फिर साबित किया कि वह सही मायनों में देश में स्वच्छ और पारदर्शी लोकतंत्र की रखवाली करने वाली संस्था है। जब शीर्ष अदालत ने महसूस किया कि, उसके पहले दिए गए फैसले की विसंगति से लोकतंत्र को हानि हो सकती है तो पहले दिए फैसले को भी पलट दिया। जनतंत्र की परिभाषा को अमली-जामा पहनाते हुए शीर्ष अदालत ने तय कर दिया कि आम आदमी की तरह ही सांसदों व विधायकों को रिश्वत के मामले में छूट के लिए कोई विशेषाधिकार काम नहीं करेगा। सुप्रीम कोर्ट की सात जजों वाली बेंच ने एक मामले में निर्णय सुनाया कि, देश की संसद अथवा विधानमंडल में भाषण या वोट के लिए रिश्वत लेने के मामले में सांसदों और विधायकों को विशेषाधिकार के अंतर्गत इम्यूनिटी नहीं दी जा सकती। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि, यदि किसी प्रकरण में कोई सांसद अथवा विधायक घूस लेकर किसी मामले में वोट या सदन में लक्षित भाषण देते हैं तो उन पर अदालत में आपराधिक मामला चलाया जा सकता है। कोर्ट ने माना कि, संविधान के तहत मिला विशेषाधिकार सदन को सामूहिक रूप से सुरक्षा प्रदान करता है। ताकि जनप्रतिनिधि जनहित में बेखौफ होकर अपनी बात कह सकें और निर्णय ले सकें। इस बाबत अदालत ने माना कि रिश्वत व भ्रष्टाचार लोकतंत्र को घुन की तरह खोखला कर देते हैं। दरअसल, ऐसे मामलों में वर्ष 1998 में आए एक फैसले को जनप्रतिनिधि ढाल बनाते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि, तब पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव सरकार बचाने के मामले में सांसदों की खरीद-फरोख्त के आरोप लगे थे। मामला शीर्ष अदालत पहुंचा था। तब अदालत ने जो फैसला दिया था वह ऐसे प्रकरणों को लेकर फैसले में विसंगति पैदा करने वाला था। उस समय पांच जजों की पीठ ने तीन-दो के बहुमत से रिश्वत लेकर वोट देने वाले सांसदों व विधायकों को विशेषाधिकारी के तहत सुरक्षित बताया था।

उल्लेखनीय है कि, तब पीवी नरसिम्हा राव वर्सेस भारत गणराज्य मामले में शीर्ष अदालत की बैंच ने माना था कि संसद व विधानमंडल में रिश्वत लेकर वोट देने व भाषण देने के मामले में जनप्रतिनिधियों पर आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। दूसरे शब्दों में कहें तो सदन में किए गए किसी कार्य के लिए वे कठघरे में खड़े नहीं करे जा सकते। निश्चित रूप से इससे लोकतंत्रत की शुचिता व पारदर्शिता के लिए विसंगति उत्पन्न हुई थी। सोमवार को दिए फैसले के बाबत मुख्य न्यायाधीश का मानना था कि हम नरसिम्हा राव फैसले से सहमत नहीं है। साथ ही उस फैसले को निरस्त करते हैं जिसमें घूस लेने के मामले में जनप्रतिनिधि बचाव के लिए अपने विशेषाधिकार को कवच बनाएं। पहले का फैसला संविधान के कुछ अनुच्छेदों का अवहेलना भी करता है। निश्चित रूप से शीर्ष अदालत का यह फैसला दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में साफ-सुथरी राजनीति की दिशा भी तय करेगा। दरअसल, यह मामला तब अदालत के संज्ञान में आया जब झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक विधायक सीता सोरेन के रिश्वत लेकर वोट देने के मामले में सुनवाई हो रही थी। उन पर साल 2012 में राज्यसभा के चुनाव में रिश्वत लेकर एक निर्दलीय प्रत्याशी को वोट देने के आरोप लगे थे। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के 1998 के फैसले की दुहाई देकर राहत पाने की कोशिश की गई थी। दरअसल, विगत में भी एक बेंच ने इस फैसले को कम अंतर से सामने आने की वजह से इस मामले को बड़ी बेंच को देने की बात कही गई थी। यही वजह कि सोमवार को मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय बैंच ने इस महत्वपूर्ण मामले में फैसला दिया। निश्चित रूप से उन्हें चुनने वाले मतदाताओं से छल करके जनप्रतिनिधि निरंकुश व्यवहार नहीं कर सकते। यह लोकतंत्र की शुचिता की भी अपरिहार्य शर्त है। इससे पहले पिछले माह सुप्रीम कोर्ट ने लोकतांत्रिक शुचिता व पारदर्शिता के लिये इलेक्टोरल बॉन्ड की वैधता को असंवैधानिक बताकर लोकतंत्र में धनबल के हस्तक्षेप पर अंकुश लगाने की सार्थक पहल की थी।

# साफ पानी क्यों नहीं बनता चुनावी मुद्दा



विश्वनाथ सचदेव

कई साल पुरानी बात है। विदेश यात्रा के दौरान न्यूयार्क के एक बड़े होटल में जब मैं अपने कमरे में गया तो देखा पीने का पानी नहीं था। मैंने संबंधित कर्मचारी से फोन पर बात की। उसने बताया कि पानी की बोतल तो वह भेज देंगे पर वहां बाथरूम का पानी ही पीने के लिए काम आता है। सब वही पानी पीते हैं। पूरी तरह सुरक्षित है वह पानी पीने के लिए। जब उसने यह बात कही तो उसकी आवाज में एक गर्व की अनुभूति खनक रही थी।

आज यह घटना मुझे तब अचानक याद आ गई जब मैं सुबह का अखबार पढ़ रहा था। अखबार के भीतरी पन्नों में एक खबर थी देश में पीने के पानी के बारे में। इस खबर के अनुसार देश के 485 नगरों में से सिर्फ 46 में ही पीने का शुद्ध पानी है। इस आंकड़े के लिए किसी एजेंसी की हवाला दिया गया था। पता, यह कितना सही है पर यह बात तो हम सब जानते हैं कि हमारे देश में धनी तबका घरों में पीने के पानी के लिए मशीनों का उपयोग करता है। आए दिन टीवी पर इस आशय का विज्ञापन देखा जा सकता है कि पीने के शुद्ध पानी के लिए फलां 'वॉटर प्यूरीफायर' का इस्तेमाल करें। बहुत से लोग यह बात बताने वाले सिनेमा के बड़े कलाकार से प्रभावित होकर 'पानी को पीने योग्य' बनाने वाली मशीन खरीद लाते हैं।

सच कहें तो शहरी इलाकों में, घरों में ऐसी मशीन का होना एक अनिवार्य आवश्यकता बन गई है। जो इसे नहीं खरीद पाते वे दूषित पानी का शिकार हो जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार हमारे देश में प्रतिवर्ष 5 वर्ष से कम आयु के तीन लाख से अधिक बच्चे डायरिया से मरते हैं और यह डायरिया दूषित पानी पीने से ही होता है।

अखबार में दूषित पानी वाला यह समाचार पढ़कर मैं चौंका नहीं था। आए दिन इस आशय के समाचार देखने को मिल जाते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि पीने के पानी को लेकर जागरूकता बढ़ी है। हर घर में 'नल से जल' जैसी योजनाओं का असर भी कुछ देखने को मिल रहा है पर नल के इस पानी की शुद्धता को लेकर आए दिन सवाल उठते रहते हैं। मेरी जिज्ञासा और चिंता तो यह है कि हमारे देश में हम कब गर्व से कह सकेंगे कि गुसलखाने के नल का पानी ही पीने के काम में भी आता है।



आज यह सवाल इसलिए भी अधिक मुखर होकर सामने आ रहा है कि शुद्ध पानी जैसा मुद्दा हमारे राजनेताओं को चुनावी मुद्दा क्यों नहीं लगता। हर घर में नल जैसी बात होती है पर उस शिद्दत के साथ नहीं जिसके साथ होनी चाहिए। ऐसा नहीं है कि शुद्ध पानी का मुद्दा कभी उठा नहीं। उठता रहता है अक्सर, पर फिर उतनी ही तेजी से भुला दिया जाता है। अब जो चुनाव सामने आ रहे हैं उनमें हमारे नेताओं के मुंह से कितनी बार शुद्ध पानी का उच्चारण हुआ है?

10 साल पहले गंगा नदी के पानी को शुद्ध बनाने वाला 'नमामि गंगे प्रोजेक्ट' चुनावी चर्चा का मुद्दा बना था, पर इस आधी-अधूरी रह गई परियोजना की बात आज कोई नहीं कर रहा। कोई नहीं पूछ रहा कि करोड़ों की आस्था का प्रतीक बनी 'मां गंगा' का पानी अब तक शुद्ध क्यों नहीं हो पाया अथवा हमारे राजनेताओं ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को चुनावी मुद्दा क्यों नहीं बनाया?

देश में आम चुनाव का माहौल लगातार गर्मा रहा है। छोटे से छोटे कार्यकर्ता से लेकर प्रधानमंत्री तक नए-नए चुनावी नारे गढ़ने में लगे हैं। दुर्भाग्य से न तो सत्तारूढ़ दल शुद्ध पानी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे की बात कर रहा है और न ही विपक्ष को पीने का पानी चुनावी फसल काटने का माध्यम नजर आ रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, मतदाता को लंबे-चौड़े आंकड़ों से भरमाने की कोशिश हो रही है। यह दावे कितने सही हैं, इसकी चिंता कोई नहीं करता।

मजे की बात तो यह है कि अक्सर हमारे नेता यह भूल जाते हैं कि पिछली चुनावी सभा में उन्होंने विकास के क्या आंकड़े जनता को बताए थे। मान लिया गया है कि जनता की याददाश्त बहुत कमजोर होती है। जनता भी इस बात की अधिक चिंता करती नजर नहीं आती कि हमारे नेता किस तरह उसे ठगने की कोशिश में लगे रहते हैं। यह हमारी चिंता का विषय बनाना चाहिए। चुनावी सभा में हमारे नेता बड़े-बड़े दावे करते हैं, तीसरी या पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने व बनाने के दावे किए जाएं। 'पांच ट्रिलियन' की बात तो की जाती है पर यह कोई नहीं बताता कि इसका मतलब क्या है? इस अर्थव्यवस्था से क्या और कैसे परिवर्तन जनता के जीवन में आएगा, न कोई जानता है न कोई बताता है। विपक्ष गरीबी, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई की बात अवश्य कर रहा है पर सत्तापक्ष के चुनावी गणित में इन समस्याओं के लिए कोई जगह नहीं है।

राजनेता बड़ी आसानी से ऐसे मुद्दों की अनदेखी करके आगे बढ़ जाते हैं। लेकिन आज जरूरत है हमारे नेताओं से यह पूछने की कि जीवन के जरूरी मुद्दे चुनाव के लिए जरूरी क्यों नहीं माने जाते? पीने के शुद्ध पानी का मुद्दा क्यों नहीं चुनावी मुद्दा बनता? दशकों तक सत्ता में रहने वाले नेताओं से हम क्यों नहीं पूछते कि नल से जनता को शुद्ध पानी क्यों नहीं मिलता या मिल सकता?

ऐसा ही एक मुद्दा शिक्षा का भी है। स्वतंत्र भारत में साक्षरता की प्रगति से कोई इनकार नहीं कर सकता, पर यह तो पूछा जा सकता है कि हम देश की भावी पीढ़ी को कैसी शिक्षा दे रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय स्वयंसेवी संस्था 'असर' साल-दर-साल हमारी शिक्षा के घटिया स्तर को उजागर कर रही है। आश्चर्य की बात है कि सातवीं-आठवीं तक की पढ़ाई करने के बाद भी हमारे विद्यार्थी जोड़-बाकी-गुणा-भाग के सरल सवाल हल नहीं कर पाते। पांचवीं में पढ़ने वाला बच्चा तीसरी की किताब सहजता से नहीं पढ़ पाता। शिक्षा की यह स्थिति चुनाव का मुद्दा क्यों नहीं बनती, या क्यों नहीं बननी चाहिए?

आईआईएम और आईआईटी जैसे बड़े शिक्षा संस्थानों के बारे में झूठे-सच्चे आंकड़े तो हमारे नेता सहजता से अपने भाषणों में परोस देते हैं पर प्राथमिक शिक्षा की दुर्दशा की बात कोई नहीं करता। चुनावी बुखार शुरू हो चुका है। नये-नये नारे गढ़े जा रहे हैं। उल्टा-सीधा कुछ भी बोला जा रहा है। ऐसी गारंटी दी जा रही हैं जिनका कोई मतलब नहीं होता।

अनर्गल आरोप की राजनीति का यह जो दौर चल रहा है उसमें मतदाता के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वह नेतृत्व का दावा करने वालों से यह पूछे कि उसके नल में शुद्ध पानी कब आएगा? उसकी प्राथमिकशाला में योग्य अध्यापक कब नियुक्त होगा? उसके बच्चे का रोजगार कैसे सुरक्षित होगा? महंगाई से कब निजात मिलेगी उसे? यह और ऐसे सवाल हमारी चिंता का विषय कब बनेंगे?

# नए मेकअप में फिर छले जाएंगे वोटर



आलोक पुराणिक

चालू यूनिवर्सिटी ने लोकसभा चुनावों पर एक ललित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिस प्रतियोगी को प्रथम पुरस्कार मिला, उसका निबंध इस प्रकार है:-

लोकसभा चुनाव सामने हैं, पुराने चेहरे के नये बनाव सामने हैं। नये ब्रेकअप दिख रहे हैं जी, नये मेकअप दिख रहे हैं। वो यहां से यहां आ लिये हैं जी, वो वहां से वहां जा लिये हैं। उन्होंने लाखों खा लिये हैं, जी उन्होंने सिर्फ लाख खाये, अरबों न खाकर करोड़ों बचा लिये हैं। उनके झंडे का रंग लाल था, अब भगवा हो गया है। जो हमारा खास बंदा था, जी वो तो अगवा हो गया है। अगवा हुआ नेता मिला उनकी पार्टी के दफ्तर में, उनकी पार्टी से टिकट लेने की भगदड़ में। मां को टिकट मिलेगा, बेटे का कटेगा, बेटे को मिलेगा, मां का कटेगा जी। किसी को न मिलेगा, दोनों का कटेगा। जी उम्मीद है कि उनका कोहरा छंटेगा। वो नेता जो बिदक गया था, शायद वो अब फिर पटेगा। उनकी सीटों का नंबर कुछ बढ़ेगा या घटेगा। पता नहीं जी। पता तो कुछ भी नहीं कि क्या होगा। वैसे पता लग भी जाये कि क्या होगा। पॉलिटिक्स में कुछ भी हो सकता है। कुछ क्या बहुत कुछ हो सकता है।

खैर, प्याज के भाव बढ़ गये हैं। नेताओं के भाव उनसे भी ज्यादा बढ़ गये हैं। प्याज और नेता में फर्क यह है कि प्याज आम आदमी के काम आ जाता है, यह बात नेताओं के बारे में नहीं कही जा सकती। सोने के साथ मसखरी हो रही है, अब सोने की नहीं, प्याज की तस्करी हो रही है। काश! नेताओं की तस्करी हो जाये। भारतीय नेता दुबई में पाया जाये। सारा बवाल सिर्फ इंडियन ही क्यों झेलें, कुछ दुबई वाले भी झेलें। यही तो ग्लोबलाइजेशन है।



वो आने वाले थे इस पार्टी में, आये नहीं। जी डील सैट न हो पाया था। जितनी उम्मीद कर रहे हैं, शायद उससे कम ही खा पायेंगे। खाना, पीना, इधर, उधर यह हम पॉलिटिक्स की बात कर रहे हैं या कुछ पिकनिक टाइप बात हो रही है। जी देश की पब्लिक लोकतंत्र के नाम पर रो रही है। पिकनिक है तो रिजार्ट का भी जिक्र है।

नेताओं के भाव पर चर्चा है। कमाने वाले नेता हैं, जनता के हिस्से बस खर्चा है। टीवी पर फिर किम जोंग के एटम बम की चर्चा है। जी कई चैनलों पर खबरों में सुख-चैन है, इंटरनेशनल फाइटिंग के लिए यूक्रेन है। चुनाव से बोर हों, तो यूक्रेन देख लें। आईपीएल भी बस आ ही गया है। कुल मिलाकर देश चल रहा है। करीब आठ प्रतिशत का विकास हुआ है जी अर्थव्यवस्था में, जो समर्थ हैं, वो अपना विकास एक सौ आठ प्रतिशत कर गये हैं।

खैर, पुराने नेताओं का नया भाव है, जी सामने चुनाव है।

# बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की जरूरत



जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए 'विकसित भारत- 2047' के लिए दृष्टि पत्र और अगले पांच वर्षों के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-मंथन किया गया। 'विकसित भारत' के लिए यह 'रोडमैप' दो साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है। इस रोडमैप को तैयार करने में देश के विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग संगठनों, नागरिक समाज, संस्थाओं, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श के लिए आयोजित विभिन्न स्तरों पर करीब 2,700 से अधिक बैठकों, कार्यशालाओं और सेमिनारों के साथ युवाओं से प्राप्त सुझावों की अहम भूमिका रही है। विकसित भारत के लिए इस रोडमैप के लक्ष्यों में आर्थिक विकास, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), जीवन को आसान बनाना, व्यापार करने में आसानी, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

29 फरवरी को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 की अक्तूबर से दिसंबर के तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8.4 फीसदी की तेज दर से बढ़ा है। अब एनएसओ ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7.6 फीसदी कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि विगत 10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गई है। माना जा रहा था कि भारत 2026 में जापान को पीछे कर दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। पिछले दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था पर जारी विस्तृत रिपोर्ट 'द इंडियन इकोनॉमी ए रिव्यू' में कहा गया है कि वर्ष 2027 साल में ही भारतीय अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी और भारत आर्थिक आकार के लिहाज से अमेरिका व चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। पिछले एक दशक में साहसिक आर्थिक निर्णयों ने देश की आर्थिक बुनियाद को मजबूत बना दिया है।



भारत के पास आज टिकाऊ विकास के अभूतपूर्व अवसर हैं। तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के कारण दुनिया के अधिकांश देशों की भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) की ललक, प्रवासी भारतीयों द्वारा पिछले वर्ष 2023 में 125 अरब डॉलर से अधिक धन भारत को भेजने के साथ नए आर्थिक तकनीकी विकास के लिए बढ़ते कदम, चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में उभरकर सामने आया है।

दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और स्थिर सरकार के रूप में भारत की पहचान, दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी, देश में उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन, बड़े पैमाने पर पूंजीगत खर्च, गैर-जरूरी आयात में कटौती और अर्थव्यवस्था के बाहरी झटकों से उबरने की क्षमता देश के टिकाऊ विकास की बुनियाद बन सकती हैं। शेयर बाजार भी दुनिया में ऊंचाइयों पर रेखांकित होते हुए दिखाई दे रहा है।

भारत द्वारा पिछले वर्ष 2023 में की गई जी-20 की सफल अध्यक्षता से भारत के लिए अब नए आर्थिक लाभों की शृंखला शुरू हो गई है। इससे भारत से निर्यात, भारत में विदेशी निवेश, भारत में विदेशी पर्यटन और भारत के डिजिटल विकास का नया क्षितिज सामने आ रहा है। ज्ञातव्य है कि वैश्विक स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट के रुझान के बीच भारत दुनिया के सर्वाधिक एफडीआई प्राप्त करने वाले 20 देशों की सूची में आठवें पायदान पर है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी मार्च, 2024 की शुरुआत में करीब 620 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच गया है।

निस्संदेह, देश को कई आर्थिक चुनौतियों पर भी ध्यान देना होगा। देश के सामने डॉलर की तुलना में रुपये के गिरते हुए मूल्य की चुनौती भी है। भारत को आईएमएफ की उस चेतावनी पर भी ध्यान देना होगा जिसमें कहा गया है कि भारत में केंद्र और राज्यों का सामान्य सरकारी कर्ज जीडीपी के 100 फीसदी के पार पहुंच सकता है। साथ ही भारत के आर्थिक रणनीतिकारों को वैश्विक आर्थिक प्रतिकूल परिस्थितियों के मद्देनजर रक्षात्मक रणनीति बनाने के लिए भी तैयार रहना होगा। कोशिश हो कि हमारे स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय नई पीढ़ी को भविष्य की जरूरतों से सुसज्जित करने के गढ़ बनें। छोटे और मध्यम उद्योगों, कृषि एवं हैंडीक्रॉफ्ट सेक्टर के लिए मार्केटिंग की नई रणनीति बनाई जाए। इससे रोजगार और निर्यात भी बढ़ेंगे।

हम उम्मीद करें कि विकसित भारत के लक्ष्य के साथ आने वाली सरकार आर्थिक और वित्तीय सुधार, कृषि और श्रम सुधार, शिक्षा और स्वास्थ्य की गुणवत्ता के साथ-साथ मजबूत बुनियादी ढांचे की मजबूती पर भी ध्यान दे। ऐसे रणनीतिक कदमों से देश वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक दुनिया का विकसित राष्ट्र बनने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे सकेगा।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा में लगे मोदी-मोदी के नारे

# मोदी चाहते है आप दिनभर मोबाइल पर रहो, जय श्री राम बोलो और भूखे मर जाओ-राहुल गांधी

**माही की गूंज, शाजापुर।**





कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मध्य प्रदेश के शाजापुर पहुंची थी यहां उन्होंने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने नुक्कड़ सभा में कहा कि, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि आप दिनभर मोबाइल पर रहो, जय श्रीराम बोलो और भूखे मर जाओ।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान शाजापुर में राहुल गांधी को उस समय असहज स्थिति का सामना करा पड़ा। यहां न्याय यात्रा में भाजपा के कुछ कार्यकर्ता पार्टी का झंडा लेकर पहुंच गए और राहुल गांधी का स्वागत मोदी-मोदी नारे लगाकर किया। जिसे सुनकर राहुल गांधी स्वयं गाड़ी से उतरे और भाजपा कार्यकर्ताओं के पास पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जय श्री राम के नारे भी लगाए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के हाथ में आलू दिए। यात्रा ब्यावरा से शुरू होकर पचोर, सारंगपुर होकर शाजापुर पहुंची। इस दौरान राहुल ने शाजापुर में रोड शो किया। इस दौरान उनके साथ मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी मौजूद रहे।

शाजापुर की जनसभा में राहुल गांधी ने कहा कि, जब हमारी सरकार थी और डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तो हमने मनरेगा दिया। मनरेगा में एक वर्ष में 65 हजार करोड़ रुपए देने होते हैं। इससे कई सारे मजदूरों की स्थिति सुधरी, मनरेगा की सफलता के बाद हमारे पास किसान आए और उन्होंने मदद का आग्रह किया तो हमने किसानों का कर्ज माफ कर दिया, 70 हजार करोड़ रुपए उसका खर्च आया। वहीं नरेन्द्र मोदी ने 16 लाख करोड़ रुपए उद्योगपतियों का माफ कर दिया, इसका अर्थ यह हुआ कि उन्होंने 24 वर्ष का मनरेगा का बजट 22 उद्योगपतियों को दे दिया। आज 22 लोग हैं, जिनके पास देश का 50 प्रतिशत धन है। मोदी ने 16 लाख करोड रुपए व्यापारियों के माफ कर दिए हैं, लेकिन किसानों का एक रुपया भी माफ नहीं किया।

उन्होंने कहा कि, 50 प्रतिशत पिछड़े, 15 प्रतिशत दलित एवं 8 प्रतिशत आदिवासी, अल्पसंख्यक एवं सामान्य गरीब मिलाकर 90 प्रतिशत होते हैं, उनकी भागीदारी नगण्य है। किसी बड़ी कंपनी की लिस्ट निकालो जितनी बड़ी कंपनियों की लिस्ट में उनके मालिकों में एक नाम भी इस 90 प्रतिशत वर्ग के लोगों का नहीं है, उनके सीनियर मैनेजमेंट में भी एक नाम नहीं, मीडिया के मालिकों में भी इस 90 प्रतिशत वर्ग का एक भी नाम नहीं, ब्यूरोक्रेसी में देखें तो 90 लोग जो कि आईएएस अधिकारी हैं, उसमें से केवल तीन ओबीसी, एक आदिवासी एवं तीन दलित हैं। जब बजट आता है तो 100 में से छह रुपए का केवल ये लोग फैसला करते हैं।

उन्होंने कहा कि, जीएसटी 90 प्रतिशत लोग देते हैं, लेकिन जेब 20 अमीर उद्योगपतियों की भरती है, इन समस्याओं से निजात पाने का तरीका है, जाति आधारित जनगणना। अग्नि वीर योजना की बजह से आज गरीब के पास सरकारी सेवा में जाने का रास्ता बंद है, पीएसयू कांग्रेस लाई, बीएसएनएल, हिंदुस्तान पेपर यह सब कांग्रेस ने बनाया, मोदी जी ये सब उद्योगपतियों को दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि, भाजपा ने लोगों को धर्म, जाति और प्रदेश की राजनीति में बांट दिया है। कांग्रेस पार्टी यह सुनिश्चित कर रही है कि सब लोग एक साथ आए। भाजपा की विचारधारा नफरत की विचारधारा है और हमारी विचारधारा नफरत के खिलाफ मोहब्बत की दुकान की विचारधारा है। उन्होंने आगे कहा कि, इस यात्रा में हमने एक और शब्द जोड़ दिया है और वह शब्द है ''न्याय÷ क्योंकि हमारी यात्रा का मकसद हर वर्ग को 'न्याय' दिलाने का है। इसलिए हम भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। राहुल गांधी ने पचोर, सारंगपुर, शाजापुर टंकी चौराहा से एचपी पेट्रोल पंप तक रोड शो किया।

### आलू से हुआ राहुल गांधी का स्वागत

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत मध्य प्रदेश के शाजापुर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्रा के दौरान, भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'मोदी, मोदी' और 'जय श्री राम' के नारों के साथ उनका स्वागत किया। सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित एक वीडियो में, जब उनका काफिला गुजर रहा था, तो भाजपा सदस्यों को गांधी को आलू पेश करते हुए और उन्हें सोने के बदले में आलू देने का आग्रह करते हुए देखा गया था, यह एक पुराने वायरल वीडियो का संदर्भ देता है, जहां गांधी ने विनोदपूर्वक आलू को सोने में बदलने का वादा किया था।

अपने वाहन से उतरने पर, राहुल गांधी ने विनम्रतापूर्वक भाजपा समर्थकों से आलू स्वीकार किए, अपनी कार में लौटने से पहले उनके साथ मुस्कुराहट और हाथ मिलाया। लगातार नारेबाजी के बावजूद गांधी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को फ्लाइंग किस भी दिया।

# अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**माही की गूंज, मंदसौर।**



जिले के मल्हारगढ़ क्षेत्र में झारड़ा चौकी पुलिस ने एक बाइक सवार से एक किलो 700 ग्राम अफीम जब्त की है। पुलिस के अनुसार झारड़ा-बूढ़ा रोड खेजड़ी फंटा पर वाहन चेकिंग के दौरान बाइक एमपी 14 एमक्यू 3380 से जा रहे 52 वर्षीय बनेसिंह पुत्र उदयसिंह चन्द्रावत निवासी तुमडी को रोका। तलाशी लेने पर बनेसिंह के पास से एक किलो 700 ग्राम अवैध अफीम जब्त की गई। आरोपित के कब्जे से मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। आरोपित ने पुलिस को उक्त अफीम लसूड़िया राठौर के किशोरसिंह पुत्र भंवरसिंह राठौर से लाना बताया। पुलिस को मामले में किशोरसिंह की तलाश है। आरोपितों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया यहां से तीन दिन का रिमांड मिला है।

# स्वच्छता सर्वे में प्रथम आने पर नगर पालिका को मिला अवार्ड

**माही की गूंज, मंदसौर।**



राजधानी भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं नगरीय विकास व आवास विभाग के अधिकारियों के द्वारा मंदसौर नपा परिषद को सम्मानित किया गया। स्वच्छता सर्वे में उज्जैन संभाग में प्रथम आने पर मंदसौर नगर पालिका को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद्र शर्मा ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। नगर पालिका मंदसौर ने देश में 51वां, प्रदेश में 15वां और उज्जैन संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# दो बच्चों के साथ शख्स ने की थी आत्महत्या, उकसाने के आरोप में 2 महिलाओं समेत 5 गिरफ्तार

**माही की गूंज, मंदसौर।**



मंदसौर पुलिस ने 36 वर्ष के शख्स को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में दो महिलाओं समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मृत शख्स की पहचान प्रकाश बंजारा के रूप में हुई थी, जिसने कथित तौर पर अपने गांव रुंडी में अपने 12 वर्ष की बेटी और 10 वर्ष के बेटे को पेड़ पर लटकाकर 4 मार्च को हत्या कर दी थी। फिर खुद भी आत्महत्या कर ली थी।

पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ था, जिसमें आत्महत्या के लिए मजबूर करने और अपने दो नाबालिग बच्चों की जान लेने के आरोप में सात लोगों को नामजद किया गया था। प्रकाश बंजारा ने अपने सुसाइड नोट में लिखा था कि राजू, कालू, संजू, गोबिंद, लेला बाई, नौजी बाई और गीता बाई ने करीब तीन महीने पहले उसकी पत्नी के साथ मारपीट की थी और उसके कपड़े फाड़ दिए थे। उस वक्त शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

पुलिस के मुताबिक, मृतक ने अपने सुसाइड नोट में राजू का नाम दबंग शख्स के रूप में लिखा है और उसे फांसी पर लटकाने की मांग की है। मृतक का आरोप है कि, वह दबंग है और उसके पुलिस से संबंध है, जिसके कारण उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। मामला राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव तक पहुंचना चाहिए, ताकि मुझे न्याय मिल सके।

मंदसौर जिले के एसपी अनुराग सुजानिया ने कहा, उन्होंने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी और कानून के अनुसार उन पर आईपीसी की धारा 506 के तहत मामला दर्ज किया था, लेकिन उन्हें जमानत मिल गई। आरोपियों ने प्रकाश बंजारा के खिलाफ भी शिकायत दी थी, लेकिन उनकी शिकायत के तथ्यों की पुष्टि नहीं हो पाने के कारण कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

एसपी ने आगे बताया कि, अब जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनकी पहचान राजू, कालू, गोबिंद, नौजी बाई और गीता बाई के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।

# आवारा कुत्तों ने एक मासूम बच्ची पर किया हमला, मौके पर 2 बाइक सवार बने फरिश्ता

**माही की गूंज, रतलाम।**



रतलाम नगर निगम के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की नाकामी से शहर में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो अलकापुरी इलाके का है, जिसमें तीन खूंखार कुत्तों ने राह चलती बच्ची पर हमला कर उसे जमीन में पटक दिया। मामले में गनीमत रही मौके पर बाइक सवार दो युवकों के शोर करने पर कुत्ते बच्ची से दूर हट गए। अगर ऐसा नहीं होता तो एक बार फिर रतलाम में बड़ी घटना घट सकती थी.... और आवारा कुत्तों के कहर से मासूम बच्ची मौत की आगोश में समा सकती थी।

### आवारा कुत्तों से दहशत में इलाके के लोग

एक बच्ची पर पहले एक और फिर दो अन्य ऐसे कुल तीन आवारा कुत्तों ने हमला किया है। आवारा कुत्तों के बढ़ते आंतक और हमलों से लोग दहशत में है। अचानक हमले से जहां एक तरफ राहगीर समेत गाड़ी के ड्राइवर्स भी घायल होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ बच्चे घर से अकेले निकलने में सुरक्षित नहीं है। सीसीटीवी में कैद मंज़र हर किसी के रोंगटे खड़े कर देना वाला है।

### जमीन पर गिरी बच्ची जान बचाकर भागी

सीसीटीवी में कैद वीडियो में बच्ची ने पहले एक कुत्ते से बचने की कोशिश की इतने में दो और कुत्ते आ गए और तीनों मिलकर बच्ची के जिस्म को नोचने लगे। जैसे-तैसे बच्ची ने बचने की पुरजोर कोशिश की। वो तो गनीमत रही कि इस दौरान दो बाइक सवार युवक वहां पहुंच गए। युवकों के शोर मचाने पर आवारा कुत्ते डर गए और बच्ची को छोड़कर पीछे हटे। जिसके बाद वीडियो में जमीन पर गिरी बच्ची उठी और जान बचाकर मौके से भागते हुए नजर रही है।

### एक दिन में 7 से 8 लोग हो रहे शिकार

रतलाम ज़िले में नगर निगम की तरफ से कुत्तों की नसबंदी सिर्फ दस्तावेजों पर ही की जा रही है। फिलहाल हर गली-मोहल्ले से लेकर चौराहों पर इनकी संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। यह आवारा कुत्ते झुंड बनाकर राहगीरों पर हमला कर रहे हैं। जिला अस्पताल के मुताबिक, प्रतिदिन यहां 7 से 8 लोग कुत्तों के काटने से घायल होकर पहुंच रहे हैं। इस बार से हर महीने जिला अस्पताल में 2 से ढाई हजार लोगों का इलाज किया जा रहा है। इसके बाद भी नगर निगम में बैठे जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं।

# दिव्यांगों को कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु पंजीयन शिविर हो रहे आयोजित

**माही की गूंज, रतलाम।**

भारत सरकार की एडीपी योजना के अंतर्गत रतलाम जिले में शिविर आयोजित किया जा रहे हैं। इनमें दिव्यांगजनों का परीक्षण किया जा रहा है जिसके लिए मेडिकल बोर्ड के डॉक्टर तैनात रहते हैं। परीक्षण पश्चात आगामी शिविरों में चिन्हित दिव्यांगों को कृत्रिम अंग तथा सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे।

उपसंचालक सामाजिक न्याय श्रीमती संध्या शर्मा ने बताया कि, शासन के निर्देश अनुसार 5 मार्च को रतलाम स्थित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र पर शिविर आयोजित किया गया। जिसके नोडल अधिकारी आनंद कातरकर तथा सहायक नोडल रवि जैन थे। इस शिविर में मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी तथा श्रवण यंत्र आदि के लिए कुल 92 दिव्यांगों का पंजीयन किया गया। इस क्रम में 6 मार्च को जिले की जनपद पंचायत जावरा में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया। जिसमें जावरा जनपद पंचायत, नगर पालिका, नगर परिषद पिपलोदा तथा बड़ावदा के दिव्यांगजन सम्मिलित हुए। इसके पश्चात आज जनपद पंचायत आलोट में प्रातः 11 बजे से शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनपद पंचायत आलोट, नगर परिषद आलोट तथा ताल के दिव्यांगजन सम्मिलित होंगे।



# अब तक सिर्फ चार बार जीती कांग्रेस, करना होगा 2009 जैसा करिश्मा

**माही की गूंज, मंदसौर।**
**साहिल अगवान**

मंदसौर संसदीय क्षेत्र भाजपा का मजबूत गढ़ रहा है। जब से मंदसौर संसदीय क्षेत्र अस्तित्व में आया है, तब से कांग्रेस को सिर्फ चार बार जीत मिली है। मंदसौर संसदीय क्षेत्र से भाजपा के डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडे आठ बार सांसद रहे हैं।

2009 में जब कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को उतारा, तब पांडे का विजयी रथ थमा था। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में मोदी लहर का जादू चला और भाजपा के सुधीर गुप्ता इस सीट को दोबारा कांग्रेस से छीनने में कामयाब रहे थे। दोनों बार उनकी जीत का अंतर तीन लाख वोट से अधिक का रहा।

2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने लगातार तीसरी बार सांसद सुधीर गुप्ता पर ही भरोसा जताया है। उन्हें उम्मीदवार घोषित किया गया है। कांग्रेस ने अब तक अपने उम्मीदवार को लेकर कोई संकेत नहीं दिया है। बताया जा रहा है कि, इस बार युवा चेहरे को जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। सोमिल नाहटा, महेंद्र गुर्जर, किसान नेता व रतलाम जिला पंचायत सदस्य डीपी धाकड़ के साथ ही नीमच के नंदू पटेल भी दावेदारों में शामिल हैं।

### आठ में से सात सीटों पर भाजपा का कब्जा




मंदसौर लोकसभा क्षेत्र मंदसौर व नीमच जिले की 7 विधानसभा आती हैं। साथ ही रतलाम जिले की जावरा विधानसभा क्षेत्र के कुछ ग्रामीण क्षेत्र लोकसभा सीट में आते हैं। इस संसदीय क्षेत्र में मंदसौर, मल्हारगढ़, सुवासरा, गरोठ, नीमच, जावद, मनासा और रतलाम जिले की जावरा तहसील का कुछ क्षेत्र शामिल है। इनमें से सिर्फ मंदसौर विधानसभा सीट पर कांग्रेस का कब्जा है जबकि शेष सात विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है।

### सामाजिक ताना-बाना

मंदसौर जिला हिंदू और जैन मंदिरों के लिए खासी पहचान रखता है। आजादी से पहले यह ग्वालियर रियासत का हिस्सा था। मंदसौर जिला मुख्यालय पर शिवना नदी किनारे स्थित विश्वविख्यात अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ मंदिर, धर्मराजेश्वर, बहिपर्श्वनाथ जैन मंदिर, नवनिर्मित अर्यरक्षित सूरिश्वर जी जैन मंदिर, नालछा माता मंदिर, कुबेर मंदिर और गांधी सागर बांध यहां के मुख्य दर्शनीय व पर्यटन स्थल हैं। मंदसौर संसदीय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती होती है। मंदसौर संसदीय क्षेत्र राजस्थान के प्रतापगढ़ चित्तौड़गढ़, कोटा, भीलवाड़ा, झालावाड़ और मध्य प्रदेश के रतलाम जिले से घिरा हुआ है। मंदसौर लोकसभा क्षेत्र में 2011 की जनगणना के मुताबिक जनसंख्या 24 लाख 72 हजार 444 है। 75.49 फीसदी आबादी ग्रामीण क्षेत्र में रहती है और 24.51 फीसदी आबादी शहरी क्षेत्र में। मंदसौर में 16.78 फीसदी आबादी अनुसूचित जाति की है, जबकि 5.36 फीसदी आबादी अजजा वर्ग की है। इस सीट पर मुस्लिम आबादी 9.05 प्रतिशत है।

# आदिवासी समाज के लोगों ने रैली निकाल किया प्रदर्शन

माही की गूंज, बड़वानी।



जिले में जागृत आदिवासी दलित संगठन के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में आदिवासियों को साथ लेकर शहर में एक रैली निकाली। संगठन के कार्यकर्ता नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे और वहां प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि, बड़वानी जिले में पलायन सबसे बड़ा मुद्दा है। क्योंकि, यहां के दलित आदिवासी गरीब लोग हैं और इन लोगों को पंचायत में मनरेगा योजना के तहत काम नहीं मिलता है। उन्होंने मांग की के पंचायत में मनरेगा के तहत लोगों को काम मिले और काम का रेट भी अच्छा मिले, क्योंकि उन्हें पंचायत में ठीक से मजदूरी नहीं मिलती है। जिसके चलते वे लोग गुजरात, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में अपना घर छोड़ कर मजदूरी करने जाने को मजबूर हैं।

बड़वानी नगर में सैकड़ों आदिवासी समाज के लोगों के साथ रैली निकाल कर पहुंचे जागृत आदिवासी दलित संगठन के कार्यकर्ता जिला पंचायत कार्यालय में धरना देकर बैठ गए। इस दौरान आदिवासी कार्यकर्ताओं में रोजगार और मजदूरी दिए जाने को लेकर खासा आक्रोश भी देखने को मिला। उनका कहना था कि सरकार मनरेगा का बजट नहीं बढ़ा रही और मजदूरी भुगतान के लिए सरकार के पास रुपए ही नहीं हैं, जबकि 3 हजार करोड़ की मूर्ति बनवा रहे हैं, बुलेट ट्रेन चल रहे हैं, पूंजीपतियों का कर्ज माफ कर रहे हैं। लेकिन, आदिवासी मजदूर को मजदूरी देने के लिए रुपया नहीं है।

### मजदूरों का 4.5 करोड़ का भुगतान बाकी

बड़वानी के पाटी क्षेत्र से आदिवासी मजदूरों ने पिछले साल दिसंबर और इस साल जनवरी में मनरेगा के तहत काम किया था। नियम अनुसार 15 दिन में मजदूरी का भुगतान हो जाना था, लेकिन उन्हें आज तक मजदूरी नहीं मिल पाई है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि पाटी विकासखंड में मजदूरों की साढे 4 करोड़ रुपये की मजदूरी की राशि का भुगतान अभी बाकी है। इस भुगतान के लिए पूर्व में भी संगठन ने बड़वानी में बड़ा प्रदर्शन किया था। उस समय अधिकारियों का कहना था कि तीन-चार दिन में भुगतान हो जाएगा, लेकिन आज तक भुगतान नहीं हुआ है।

### ठेकेदार बना रहे बंधुआ मजदूर

संगठन की प्रमुख माधुरी बहन ने बताया कि, इस क्षेत्र में मनरेगा जैसी जनहित की योजना में भी काम नहीं होने से ठेकेदार गांव-गांव पहुंचकर 30 से 40 हजार रुपये में आदिवासी भाइयों का सौदा कर उन्हें बंधुवा मजदूरी के लिए गुजरात महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसी जगह भेज देते हैं। शासन प्रशासन को इसकी कोई खबर ही नहीं। अंतर राज्य प्रवासी मजदूर कानून के अंतर्गत मजदूरों को दूसरे राज्य में ले जा रहे ठेकेदारों का पंजीयन अनिवार्य है। लेकिन, इसका पालन नहीं हो रहा है।

### आंकड़ों से दो-तीन गुना ज्यादा हो रहा पलायन

माधुरी बहन ने बताया कि, पलायन कर बाहर जा रहे मजदूरों का पंचायत स्तर पर नियमित पंजीयन होना चाहिए। लेकिन, वह भी पूरी तरह फेल है। पंचायत स्तर पर आधे से ज्यादा पलायन कर रहे परिवारों की जानकारी नहीं है। जो पंचायत स्तर के आंकड़े हैं, उनसे दो-तीन गुना ज्यादा परिवार पलायन कर रहे हैं।

# पेट्रो कंपनी में लगी भीषण आग, तीन घायल

माही की गूंज, खरगोन। ब्रजभूषण दसौंदी



अभी मध्य प्रदेश के हरदा की एक पटाखा कंपनी में हुए ब्लास्ट से लोग उबरे भी नहीं थे कि, मंगलवार-बुधवार की रात खरगोन जिले के निमरानी औधोगिक क्षेत्र में ऑयल बनाने वाली एक पेट्रो कंपनी में लगी भीषण आग की खबर ने सभी के होश उड़ा दिए। ये आग इतनी भयानक था कि इसकी लपटें करीब 50 फीट ऊपर तक धधक रही थी। लपटे और धुएं का गुबार निकलने से हड़कंप मच गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए खुद कलेक्टर कर्मवीर शर्मा और एसपी धर्मवीर सिंह मौके पर पहुंच गए थे।

हालांकि करीब एक दर्जन दमकलों ने करीब एक घंटे में की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग की चपेट में आने से तीन लोग मामूली रूप से झुलस कर घायल हो गए थे। इन सभी एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सभी का इलाज चल रहा है। इस मामले में गनीमत ये रही कि किसी की जान नहीं गई। आग पर काबू के बाद कलेक्टर कर्मवीर शर्मा और एसपी धर्मवीर सिंह ने फैक्ट्री का निरीक्षण किया।

### कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने जांच के आदेश दे दिए हैं। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने बताया कि, आग लगने के कारण की जांच पुलिस के साथ ही एसडीएम की अध्यक्षता में उद्योग सहित 5 विभागों के अधिकारी करेंगे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों की औधोगिक क्षेत्र की सभी फैक्ट्रियों के नियमानुसार जांच भी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बताया कि, आग की घटना में न तो कोई जनहानि नहीं हुई है और न ही कोई बड़ा नुकसान ही हुआ। हादसे में तीन लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं, जो इलाज के बाद अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि, फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# अनुशासन व शारीरिक रूप से फिट बने रहने के लिए पुलिसकर्मियों की हुई परेड

माही की गूंज, अलीराजपुर।



पुलिस बल में अनुशासन बनाये रखने व शारीरिक रूप से फिट बने रहने के लिए पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास द्वारा परेड कराई गई। बोरखड स्थित पुलिस परेड ग्राउंड पर ज़िले के थानो, कार्यालय एवं पुलिस लाइन के बल द्वारा जनरल परेड का आयोजन किया गया। जिसमें परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक इनोद रंधावा द्वारा परेड की सलामी पुलिस अधीक्षक को दिलाई गई एवं परेड निरीक्षण हेतु आमंत्रित किया गया। परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जवानों की वेशभूषा, दाड़ी कटिंग, उनके खड़े होने की दशा और वेपन्स का निरीक्षण किया गया और पिछ्ली परेड के दौरान दी गई हिदायतों को देखा गया। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी जोबट नीरज नामदेव और एसडीओपी अलीराजपुर अश्विनी कुमार उपस्थित रहे। निरीक्षण पश्चात रक्षित निरीक्षक और सूबेदार तथा प्लाटून कमाण्डर द्वारा प्लाटून को मार्च कराया जाकर उनसे परेड कराई गई एवं क़वायद की सिखलाई दी गई व अच्छी वेशभूषा व परेड करने वाले जवानों को इनाम दिया गया। परेड के दौरान सभी थानाप्रभारियों से कमाण्ड कराई जाकर उनके द्वारा परेड अभ्यास कराया गया। जनरल परेड में थाना प्रभारी बोरी, आज़ादनगर, उदयगढ़, सोरवा, सोंडवा, यातायात सहित कुल 105 अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुशायरे के मंच पर चढ़ी भीड़, हंगामा कर फेंकीं कुर्सियां

माही की गूंज, खरगोन।



जिले में नवग्रह मेले के समापन पर आयोजित मुशायरे में जमकर हंगामा हुआ। बात इतनी बढ़ी कि कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकनी शुरू कर दीं। विवाद इतना बढ़ा कि पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। मुशायरे में हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

खरगोन में नवग्रह मेले के समापन अवसर पर शहर के अंजुमन नगर के जमजम मार्केट में मुशायरा चल रहा था। इस दौरान कुछ लोगों के बीच आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी इतनी ज्यादा बढ़ गई लोग एक-दूसरे पर कुर्सियां चलाने लगे। यह कार्यक्रम नगर पालिका परिषद की ओर से आयोजित किया गया था।

मुशायरे में टिप्पणी करने को लेकर वाद-विवाद हो गया था। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा मंच पर चढ़ गए थे, जिसके बाद मंच धड़ाम से नीचे गिर गया। मुशायरे में बवाल के बीच पुलिसकर्मियों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग किया।

आयोजक माइक पर शांत रहने की अपील करते रहे, लेकिन हंगामा करने वाले नहीं माने। हालांकि पुलिस ने इस मामले में कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया है। इस मामले में खरगोन थाना इंचार्ज बीएल मंडलोई का कहना है कि, नवग्रह मेला ग्राउंड में कार्यक्रम के समापन अवसर पर अंजुमन नगर में मुशायरा आयोजत किया गया था। नगर पालिका की ओर से जमजम मार्केट में मुशायरे आयोजित किया गया थाम मुशायरे के दौरान तत्कालिक रूप से हल्का सा विवाद हुआ था। कुछ बच्चों के बीच ये विवाद था। इस दौरान पुलिस ने उन्हें समझाया और भीड़ को रवाना किया।

# ऑपरेशन के बाद लौटे मरीज बोले अब अच्छा दिखाई दे रहा

माही की गूंज, बड़वानी।



लायंस क्लब बड़वानी सिटी और ज़िला चिकित्सालय बड़वानी के संयुक्त तत्वावधान में 4 मार्च को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमे 39 मोतियाबिंद के और 3 कांचबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए चोईथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर भेजा गया था जहां पर उनका सफल लेंस प्रत्यारोपण कर वापस बड़वानी लाया गया। नेत्र सहायक अनिल राठौड़, रविन्द्र टेकाम ने लैंस प्रत्यापित मरीजों का परीक्षण किया लायंस क्लब सदस्यों ने एक माह तक सावधानी रखने और दवाई समय समय पर डालने की हिदायत दी।

लायन राम जाट और लायन महेश शर्मा एवं अस्पताल स्टॉफ द्वारा मरीजों से उनके अनुभव सांझा करने को कहा तो अभी ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया कि उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आई वहां पर दोनो समय भोजन, नाश्ता और चाय उपलब्ध करवाया गया एवं पहले उन्हें देखने में समस्या थी लेकिन ऑपरेशन के बाद अब उन्हें अच्छा दिखाई देने लग गया है। अब वे अपने रोजमर्रा के कार्यों को बिना किसी की मदद के कर पाएंगे। लायन सुधीर कुमार पाण्डे ने मरीजों के परिजनों और सभी सहयोग करने वाले सदस्यों को धन्यवाद दिया एवं आगामी 20 मार्च को आयोजित होने वाले नेत्र शिविर के लिए गांव के अन्य लोगो को भी जानकारी देने की बात मरीजों से कही।

# स्वयं सहायता समूह की बहनों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला सम्पन्न

माही की गूंज, धार।




मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड तिरला के आजीविका भवन में बुधवार को स्वयं सहायता समूह की बहनों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सम्बोधित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में उपस्थित जन प्रतिनिधिगण, अधिकारीगण द्वारा भगवान श्री गणेशजी एवं मां सरस्वती के चित्र पर पूजन माल्यार्पण व दिप प्रज्वलन कर शुरुआत की गई। कार्यक्रम में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी द्वारा समूह की दीदियों को लखपति क्लब में जोड़ने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही ड्रोन योजना अंतर्गत ड्रोन के माध्यम से खेतों में दवाई का छिड़काव हेतु समूह की दीदीयो को ड्रोन उपलब्ध करवाने की बात कही एवं महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में विकासखंड तिरला के विभिन्न ग्रामों से स्वयं सहायता समूह की दिदिया इस वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़ी थी। कार्यक्रम का संचालन मिशन की स्वाती जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम जनप्रतिनिधि सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जाम लगाने के मामले में कांग्रेस विधायक सहित तीन पर एफआईआर

माही की गूंज, बड़वानी।

जिला पंचायत का घेराव और मुख्य मार्ग पर जाम लगाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने बड़वानी के कांग्रेस विधायक राजन मंडलोई, पोरलाल खरते, संगठन की माधुरी बेन सहित अन्य व्यक्ति के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार एसपी व जिला पंचायत सीईओ के पत्र के अनुसार जागृत आदिवासी दलित संगठन की नेत्री माधुरी बेन, विधायक राजन मंडलोई और पोरलाल खर्ते सहित अन्य लोगों ने जिला पंचायत कार्यालय का दरवाजा बंद कर घेराव किया था। इससे जिला पंचायत के भवन से मुख्य मार्ग तक आवाजाही तथा बड़वानी-इंदौर मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित की गई थी। इस संबंध में विधायक राजन मंडलोई ने मीडिया के सवाल पर कहा कि मैं कुछ देर तक आंदोलन में शामिल होने के बाद लौट आया था। जाम लगने को लेकर एसडीएम को फोन पर सूचना दी थी। मौके पर पुनः जाकर संगठन के लोगों से चर्चा की और लौटने के लिए आग्रह किया। इस पर पुलिस कार्रवाई करना तानाशाही पूर्ण रवैया है।



फाइल फोटो


# कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी महालक्ष्मी गृह निर्माण संस्था मर्यादित बड़वाह

**तह बड़वाह जिला खरगोन पंजीयन क्रमांक 694 दिनांक 05.02.1987**

**:: विशेष साधारण सभा एवं निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना ::**

संस्था सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि, सस्था के संचालक मण्डल एवं प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु नामांकन पत्र प्रस्तुति, दिनांक 07.03.2024, प्रातः 9 से 11.00 बजे तक, प्राप्ति हेतु संस्था प्रबंधक श्री दिनेश वर्मा को अधिकृत किया गया है। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नामांकन पत्रों की जाँच, दिनांक 07.03.2024 समय दोप 12 बजे से जॉच पूर्ण होने तक उम्मीद्वारी वापसी दिनांक 10.03.2024 दोप. 12 से 2 बजे तक, तत्पश्चात उम्मीद्वारों की घोषणा एवं चुनाव चिन्ह आवंटन। संस्था की विशेष साधारण सभा दिनांक 15.03.2024 समय प्रातः 11.00 आयोजित है। (मतदान की स्थिति में समय प्रातः 11.00 बजे से दोप. 1.00 बजे तक)। मतदान हेतु स्थान बी. एम. प्लाजा, डाक बंगला रोड़ बड़वाह जिला खरगोन पर नियत है।

बसन्त यादव
रिटर्निंग अधिकारी एवं सहकारी निरीक्षक


# कृषि विज्ञान केन्द्र बड़वानी पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

माही की गूंज, बड़वानी।




कृषि विज्ञान केन्द्र बड़वानी के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एसके बड़ेदिया के मार्गदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले की डिप्टी कलेक्टर श्रीमती विशाखा देशमुख एवं विशेष अतिथि के रूप में डॉ. बॉली चौहान, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी जिला बड़वानी व डॉ. श्वेता कटियार, सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय बड़वानी द्वारा भागीदारी की गयी। केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एसके बड़ोदिया ने सभी आंगतुको का स्वागत करते हुए महिलाओं की कृषि के क्षेत्र में योगदान की सराहना की व बताया कि, कृषि के क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है आजकल वे पुरूषों के बराबर कार्य कर रही है।

डॉ. बड़ोदिया ने बताया कि, केन्द्र द्वारा समय-समय पर महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु विभिन्न स्तरों पर सम्मान के प्रयास किये जाते रहे है व कृषि विज्ञान केन्द्र महिलाओं के उद्यमिता विकास हेतु समय-समय पर व्यवसायिक प्रषिक्षण आयेजित कर रहा है जिससे वे आत्मनिर्भर हो सकें। मुख्य अतिथि श्रीमती विशाखा देशमुख द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान की बात रखते हुए सच्ची लगन व निष्ठा के साथ कार्य करने पर ही सफलता प्राप्त की जा सकती है व उपस्थित महिलाओं व छात्राओं को अच्छी मेहनत व आत्मविष्वास के साथ वित्तीय आत्मनिर्भरता अपनाने पर जोर दिया। डॉ. देशमुख द्वारा केन्द्र द्वारा महिलाओं के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम व कार्यो की प्रषंसा की। विषेष अतिथि, डॉ. बॉली चौहान, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी ने आयुर्वेद के महत्व की जानकारी देकर उपस्थित छात्राओं/महिलाओं को अच्छे स्वास्थ्य हेतु जैविक/प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को अपनाने की बात कही।

इस अवसर पर महिला सहायक प्राध्यापक डॉ श्वेता कटियार एवं कु. पुनम कनासे, उद्यानिकी अधिकारी सहित छात्राओं को उनके उत्कृष्ट कार्यो हेतु प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम उपरांत छात्राओं व महिला कृषकों ने केन्द्र की विभिन्न इकाईयों, फसल सग्रहांलय, डेयरी, बकरी, मुर्गीपालन, केचुआं खाद उत्पादन का भ्रमण किया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. डीके जैन, डॉ. बी कुमरावत एवं रविन्द्र सिकरवार ने सफलतापुर्वक आयोजन में भागीदारी की। इस कार्यक्रम का संचालन केन्द्र के तकनीकी अधिकारी यूएस अवास्या द्वारा किया गया व केन्द्र के कार्यालय अधीक्षक एवं लेखापाल रंजीत बारा द्वारा सहयोग प्रदान किया।

# भूराघाटा के इस क्षेत्र में नवीन तालाब निर्माण करने से सिंचाई और नगर में पेयजल की समस्या का होगा निराकरण

## जिला कलेक्टर, क्षेत्रीय विधायक और जनप्रतिनिधियों को करनी चाहिए पहल

**माही की गूंज, चं.शे. आजाद नगर।**

चंद्रशेखर आजाद नगर भाभरा के वार्ड क्रमांक 11 वार्ड के भूराघाटा क्षेत्र में नगर परिषद द्वारा बनाई गई पानी की टंकी के समीप राजस्व की प्रयाप्त जमीन है, जिस पर एक बहुत ही शानदार और बड़ा तालाब बन सकता है। जिससे नगर के सारे वार्डों में पीने के पानी और किसानों को सिंचाई के पानी की समस्या काफी हद तक खत्म हो जाएगी। साथ ही आम नागरिकों को पूरे वर्ष पानी की कई वर्षो से हो रही किल्लत दूर हो जाएगी। इसका लाभ आजाद नगर भाभरा के अलावा पोचीईमली, बड़ा भावटा तक के आदिवासी ग्रामीणों को सिंचाई और पीने का पानी मिल सकेगा। जिस जगह तालाब का निर्माण होगा वह जगह अभी बिलकुल खाली है और सरकारी है और नगर परिषद क्षेत्र की सीमा में है। यहां तालाब निर्माण करने में कोई परेशानी नहीं आएगी, क्योंकि यहां किसी भी प्रकार की जमीन का अधिग्रहण भी नही करना पड़ेगा या किसी को भी एक रुपए तक का मुवाअजा भी नही



देना पड़ेगा। तालाब बनने से आजाद नगर का जल स्तर भी बढ़ेगा साथ ही पास ही बन रहे स्मृति वन मिनी अभ्यारण की भी सुंदरता में चार चांद लग जाएगे। इस तालाब के निर्माण होने से मुस्लिम समाज द्वारा हर वर्ष मोहर्रम का विसर्जन करने की समाज और प्रशासन के सामने आने वाली बड़ी समस्या भी दूर हो जाएगी। दो से तीन वर्ष पूर्व मोहर्रम का विसर्जन देखने गए आजाद नगर भाभरा के दो युवाओं को भी अपनी जान गवानी पड़ी थी, जिसके कारण नगर की दो माता और पिता अपनी दोनो अकलोते बेटो को खो चुके है और उसका दर्द आज तक उस परिवार और समाज को है। जनपद क्षेत्र में वैसे भी कई तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। जिले भर के अधिकारी जिसमे खास कर जिला कलेक्टर, क्षेत्रीय विधायक, जन प्रतिनिधि और नगर के नागरिक अगर पहल करे और मांग रखे तो नगर को एक बेहतर तालाब की सौगात मिल सकती है। जिसका नगर के आज के नागरिकों और आने वाली कई पीढ़ियां फायदा और इस तालाब के पानी का उपयोग करेंगे। जिस जगह तालाब का निर्माण किया जाएगा वहां वर्ष भर पानी पहले से ही रहता है।

# स्कूली विद्यार्थियों का प्रदर्शन, अपनी मांगों को लेकर की नारेबाजी



**माही की गूंज, चं.शे. आजाद नगर।**

अलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आजाद नगर विकासखण्ड के ग्राम सेजवाड़ा के एकलव्य आदर्श विद्यालय के विद्यार्थी एक बार फिर अपनी माँगो एवं कुछ शिक्षक को हटाने की मांग को लेकर उनके विरुद्ध सड़क पर आ गए। छात्राओ ने कई गंभीर आरोप शिक्षकों पर लगाए वही सड़क पर धरना देते-देते कुछ छात्र कलेक्टर से मिलने पैदल ही निकल गए। वहीं इसी पूरी घटना की जानकारी चंद्रशेखर आजाद नगर के एसडीएम व तहसीलदार मौके पर पहुंच कर छात्र-छात्राओं को उन्हे रास्ते मे रोक कर मांगें सुनी। पूरी बातें सुनने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के प्राचार्य शेखर कुलकर्णी के साथ तीन अतिथि शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी। साथ ही शिक्षको के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही जा रही है।

## एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत बच्चों को दी आयरन दवा की खुराक

**माही की गूंज, अलीराजपुर।**



एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर के दिशा निर्देशन में बच्चों को आयरन गोली की खुराक दी गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जोबट विरेन्द्र सिंह ने बताया जोबट व उदयगढ़ क्षेत्र के ग्राम सरंपच एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण की उपस्थित में सामूहिक सहभागिता से एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत बच्चों को आयरन की खुराक दी गई। साथ ही सभी को आयरन दवाई के रख रखाव और उसके महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सभी को एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की जानकारी भी दी गई।

# पीएम विश्वकर्मा योजना पर सेमिनार का हुआ आयोजन

**माही की गूंज, अलीराजपुर।**

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना हुनर मंद को प्रशिक्षण के साथ औजार, ऋण और आत्मनिर्भर बनाने की महत्वपूर्ण और बेहतर प्रभावी योजना है। इस योजना के तहत 18 तरह के हुनरमंद व्यक्ति को प्रशिक्षण, काम से जुडे टूल किट्स, तीन लाख रुपये तक का ऋण दिलाने के साथ उनके उत्पादों को बेहतर मार्केट प्रदान करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देने की योजना है। जिले के अधिक से अधिक उक्त कार्यों से जुड़े व्यक्ति इस योजना का लाभ ले और अपने व्यवसाय को नई ऊंचाई के साथ साथ आर्थिक रूप से सक्षम बने।

यह बात कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर ने पीएम विश्वकर्मा योजना पर आयोजित सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर कही। उन्होंने योजना अंतर्गत कार्य करने वाले तथा युवाओं से पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ लेने का आह्वान किया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के तहत एमएसएमई विकास कार्यालय इन्दौर तथा सह आयोजक जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कॉलेज ऑडिटोरियम अलीराजपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक चौधरी भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में असिस्टेंट डायरेक्टर एमएसएमई इन्दौर गौरव गोयल ने पीएम विश्वकर्मा योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में सीएससी जिला प्रबंधक आदिल खान ने आवेदन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में लीड बैंक मैनेजर राजेश हासवानी ने बैंक से ऋण लेने की प्रक्रिया सहित उन्होंने विभिन्न बीमा योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में जीएम डीआईसी कवछे ने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत आवेदन, प्रशिक्षण एवं ऋण तथा स्वरोजगार को स्थापित करते हुए आर्थिक रूप से अपने काम को सषक्त करने संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र का पूजन एवं दीप प्रज्व्लन कर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा, आवेदक, अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित थे। संचालन उमेश वाघेला ने किया अंत में आभार गोयल ने माना।



# विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य स्वीकृत

**विकास कार्य से किसी भी ग्राम को अछूता नहीं रखा जाएगा- विधायक पटेल**

**माही की गूंज, जोबट।**

जोबट विधानसभा क्षेत्र की विधायक सेना महेश पटेल के अथक प्रयासों ओर उनकी अनुशंसा पर जोबट क्षेत्र मे आठ करोड़ रूपए से अधिक के निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति जारी हुई है। जिसका भूमिपूजन आगामी दिनों में प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री नागरसिंह चौहान एवं विधायक सेना पटेल की उपस्थिति मे सम्पन्न किया जाएंगा।

विकास कार्य के लिए तत्पर हूँ

विधायक श्रीमती पटेल ने बताया कि, मुलभुत सुविधा से वंचित इस पिछड़े जोबट विधानसभा क्षेत्र मे विभिन्न विकास कार्य की जरूरत है। क्षेत्र के कई ग्राम आज भी मूलभूत सुविधा ओर समस्याओं से जूझ रहे हैं। मेरे द्वारा विधानसभा सत्र मे विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को रखकर सदन को अवगत कराया था। वही मेरे द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रतिपक्ष नेता उमंग सिंघार, विभिन्न विभाग के कैबिनेट मंत्रियों को मांग पत्र सोपकर क्षेत्र में निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई थी। जोबट विधानसभा क्षेत्र में विकास करना ही उनकी प्राथमिकता है, विकास को लेकर कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। अभी जहाँ अत्यंत आवश्यकता है उन ग्रामो मे निर्माण कार्य तत्परता से कराए जाएंगे, विकास कार्य से किसी भी ग्राम को अछूता नहीं रखा जाएगा।

### इन ग्रामों में होंगे निर्माण कार्य

विधायक पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि, जोबट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निस्तार तालाब निर्माण रिछखोदरा फलिया ग्राम जामली लागत एक करोड़ 30 लाख रुपए, निस्तार तालाब निर्माण देवका फलिया काटकुंआ लागत 49 लाख रुपए, निस्तार तालाब निर्माण पचईमली फलिया चमार बेगड़ा लागत 51 लाख 80 हजार रुपए, निस्तार तालाब निर्माण झोतराडा फलिया अमनकुंआ लागत 49 लाख 62 हजार रुपए, निस्तार तालाब निर्माण रोछली फलिया माथना लागत एक करोड़ 28 लाख 96 हजार रुपए, निस्तार तालाब निर्माण मउडी फलिया गेरूघाटी लागत 30 लाख 6 हजार रुपए, निस्तार तालाब निर्माण सेमल फलिया मिरियावाट लागत 45 लाख रुपए, निस्तार तालाब निर्माण बामना फलिया काकड़बारी लागत 74 लाख 40 हजार रुपए, निस्तार तालाब निर्माण पटेल फलिया पस्टार लागत एक करोड़ 25 लाख रुपए, निस्तार तालाब निर्माण तड़वी फलिया पानगुडा लागत एक करोड़ 30 लाख रुपए से निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गईं है।

# इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन रोड के लिए कंपनियों की तलाश

**माही की गूंज, उज्जैन।**




इंदौर-उज्जैन के बीच मौजूदा फोर लेन रोड को सिक्स लेन में बदलने के लिए ठेकेदार कंपनी की तलाश शुरू हो गई है। मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआरडीसी) ने इस काम के लिए टेंडर बुला लिए हैं। इस स्टेट हाईवे की लंबाई 46.47 किलोमीटर है। जो कंपनी इसके निर्माण का ठेका लेगी, उसे दो साल में सिक्स लेन हाईवे बनाकर तैयार करना होगा। इसके निर्माण की लागत 735.36 करोड़ रुपए आंकी गई है। उज्जैन हाईवे चौड़ा होने का फायदा राजस्थान आने-जाने वाले लोगों के अलावा खासतौर पर सिंहस्थ के दौरान मिलेगा। सिंहस्थ में आने वाले कई लोग इंदौर होकर गुजरते हैं। महाकाल दर्शन के अलावा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग जाने वाले लोगों को भी इंदौर होकर ही आना-जाना पड़ता है। यही वजह है कि इंदौर-उज्जैन हाईवे पर वाहनों का दबाव कई गुना बढ़ जाता है और सिंहस्थ के दौरान बार-बार ट्रैफिक जाम की स्थिति पैदा होती है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस हाईवे को सर्वोच्च प्राथमिकता से चौड़ा करवाना चाहते हैं। इसका निर्माण इंदौर के अरबिंदो अस्पताल से उज्जैन के हरिफाटक तक किया जाना है। दावा किया जा रहा है कि सिक्स लेन बनने से दोनों शहरों का सफर एक घंटे से भी कम समय में पूरा हो सकेगा। अभी प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण होना बाकी है। 15 अप्रैल तक कांट्रेक्टर कंपनियां इस काम के लिए टेंडर फॉर्म खरीद सकती हैं।

# केबिनेट मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई मण्डल की बैठक

**माही की गूंज, बरझर। फिरोज खान**

भाजपा बरझर मंडल की बैठक का आयोजन केबिनेट मंत्री नागरसिह चौहान की विशेष उपस्थिति में बोरकुणडिया में किया गया। जिसमें नागरसिंह चौहान ने पार्टी के कार्यकताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में अभी से तैयार रहने की बात कही ओर कहा कि, यदि कार्यकर्ता का गांव-फलीये में व्यवहार है तो भाजपा को वोट मिलेंगे क्योंकी घर-घर से कार्यकर्ता हो वोट दिलवाता है। आप लोगों की सीधा सम्पर्क रहता है। हम लोग आप जेसे कर्मठ कार्यकर्ता से जीत कर आते हैं। साथ ही भाजपा के सरपंचों से कहा कि, राजनीतिक करना हो तो गांव वालों को लेकर चलों। यदी आपने गांव से लोगों से मुंह फेराया तो आने वाले सरपंच चुनाव में आपको उसी मुकाम पर ला देंगे क्योंकि एक वोट की ताक़त से तकदीर ओर तस्वीरें बदल देते हैं। इसलिए कभी भी अपने मतदाताओं से मुंह न मोड़े ओर आगामी चुनाव में लोकसभा का कोई भी उम्मीदवार हो नरेन्द्र मोदी को वोट देकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लें।

भाजपा जिलाध्यक्ष मकू पोरवाल ने भी कार्यकताओं से लोकसभा में हर बुथ से लीड दिलाने को लेकर कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष मकू पोरवाल, इन्दरसिंह डावर, अभिषेक मोटी डावर, मांगीलाल चौहान, भूपेंद्र डावर, भूपेंद्र चौहान, पूर्व सरपंच मकनसिह, उप सरपंच लालसिंह, सरपंच विक्रम ढाक, सरपंच महेश भूरिया, नटवर, मुकेश पंचाल, पूर्व सरपंच विरसिह आदि विशेष रूप से मौजूद थे। संचालन बरझर सरपंच हिमसिग बारीया ने किया व आभार लालसिंह चौहान ने माना।




# गंगामाहदेव की पहाड़ी मे शिव के जयकारों के साथ बजेंगे मांदल-ढोल और गूंजेगी बांसुरी की स्वर लहरियां

## जिले सहीत समुचे क्षेत्र में भगौरिया पर्व की होगी शुरूआत

**माही की गूंज, अमझेरा। विक्रमसिंह राठौर**

समीपस्थ ग्राम सुल्तानपुर में पहाड़ियों के बीच स्थित प्राचिन तीर्थ व पर्यटन स्थल गंगामहादेव शिवालय में 8 मार्च महाशिवरात्री के पर्व पर पारंपरिक मेले का आयोजन किया जाएगा तथा बड़ी संख्या में शिवभक्त यहाँ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक व दर्शन-पूजन के लिए पहुंचेगे। वहीं दुसरी ओर आदिवासी लोक संस्कृति के सबसे बड़े भगौरिया पर्व की शुरूआत भी होगी। जिसके तहत आस-पास के ग्रामिण क्षेत्र से अनेक ग्रामीणजन पांरपरिक वेशभूषा में मांदल ढोल लेकर यहाँ पहुंचेंगे ओर मांदल की थाप पर थिरकेगें। वहीं बांसुरी की स्वर लहरियाँ भी समुचे वातावरण में गुंजेगी। इसी के साथ धार जिले सहीत समुचे क्षेत्र में भगोरिया पर्व की शुरूआत भी हो जाएगी। ग्राम पंचायत सुल्तानपुर द्वारा मेले में लगने वाली दुकानो की व्यवस्था के साथ ही आने वाले लोगो के लिए पेयजल की सुविधा की जाती है साथ ही अमझेरा पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रहती है।





### अमझेरा थानांतर्गत इन स्थानो पर भगोरिया पर्व मनेगा

1. ग्राम मिनाखेड़ी में 19 मार्च मंगलवार
2. ग्राम गोलपुरा व ग्राम सुल्तानपुर में 20 मार्च बुधवार
3. ग्राम अमझेरा में 22 मार्च शुक्रवार
4. ग्राम बलेड़ी में 23 मार्च शनिवार
5. ग्राम पांचपिपल्या में 24 मार्च रविवार

इसी के साथ ग्राम सगवाल में गल-चुल का तीन दिवसीय मेला 25 मार्च सोमवार से प्रारंभ होगा। वहीं ग्राम केशवी में रात्रि के गल-चुल का मेला आयोजित किया जाएगा। ग्राम दसाई में भी 25 मार्च को एक दिवसीय मेला लगाया जाएगा।

# एक ही कार्यकाल में सांसद डामोर के तारे सितारे भाजपा कार्यालय में जमा

## टिकिट कटा तो बता रहे महिला आरक्षण, स्वागत के दौरान गुमान और उनका खेमा नदारद

## सांसद डामोर को आइना दिखाने के लिए गूंज की कलम सतत् चलती रही

माही की गूंज, संजय भटेवरा

झाबुआ। जैसे कि कयास लगाए जा रहे थे भाजपा के वर्तमान सांसद गुमानसिंह डामोर के इस बार लोकसभा की टिकिट से हाथ धोना पड़ेगा ओर गूंज की कलम से इस बात की घोषणा भी कर दी गई थी। शनिवार को भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा जारी देश भर में 195 प्रत्याशीयो की सूची जारी की गई। जिंसमे झाबुआ-रतलाम संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी का भी नाम शामिल था। सांसद डामोर सहित उनके गिने चुने चेले चपाटे पूर्ण आश्वस्त थे कि, गुमानसिंह डामोर को ही दूसरी बार टिकिट मिलना तय है। 11 फरवरी को जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनजाति सम्मेलन को संबोधित करने झाबुआ आये थे उसी दिन जिस तरह से सांसद डामोर की उपेक्षा हुई ये तय हो चुका था कि, डामोर का टिकिट कटना तय है। 11 फरवरी के आयोजन के बाद डामोर सहित उनके खेमे ने टिकिट के लिए लॉबिंग तक तेज कर दी थी। लेकिन डामोर की कार्यशैली ओर कार्यकाल को देखते हुए संगठन ने उनके तारे-सितारे जमा कर टिकिट काट कर मध्यप्रदेश के वन एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री नागरसिंह चौहान की पत्नी अनिता चौहान को टिकिट देकर पहली बार लोकसभा का नेतृत्व आलीराजपुर जिले के खाते में दिया।

### महिला आरक्षण की दे रहे दुहाई, फिर साध्वी प्रज्ञा का भोपाल से टिकिट क्यो कटा ?

टिकिट कटने की मायूसी सांसद डामोर के चेहरे पर साफ देखी जा रही है। एक मीडिया चेनल पर सांसद डामोर ने अपने टिकिट कटने का कारण महिला आरक्षण बताया। सांसद डामोर के अनुसार उनका टिकिट कटा नही बल्कि महिला के लिए सीट आरक्षित होने के कारण बदलाव होना बताया। बताते दे कि, कोई भी सीट लोकसभा में महिला या पुरुष के लिए आरक्षित नही है लेकिन भाजपा ने लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को देने का निर्णय किया था जिसके चलते प्रदेश की 29 में से लगभग 09 सीटे महिलाओ के खाते में जानी है। जिसे सांसद साहब महिला आरक्षण बता कर अपने असफल कार्यकाल को छुपाने के प्रयास कर रहे है। जहाँ भाजपा ने गुमानसिंह का टिकिट काट कर अनिता चौहान को दिया वही महिला होने के बाद भी भोपाल से इस बार साध्वी प्रज्ञा का टिकिट काट दिया गया। जिससे तय है कि, भाजपा के मापदंड पर जो फिट नही बैठा उसे बहार का रास्ता दिखाया गया।

### स्वागत के दौरान गायब रहे सांसद और उनका खेमा



वर्तमान भाजपा सांसद गुमानसिंह डामोर



भाजपा प्रत्याशी अनिता नागरसिंह चौहान

सोमवार को भाजपा प्रत्याशी अनिता नागरसिंह चौहान खुद कार्यकर्ताओ के बीच पहुँची ओर अलीराजपुर से पेटलावद तक पहुँची। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी ने भाजपा नेताओं के साथ सांसद डामोर के निजी आवास पर जाकर मुलाकात की। मुलाकात के बाद सांसद डामोर, प्रत्याशी के काफिले के साथ शामिल नही हुए ओर निजी कारणों को बताकर वही रुक गए। जगह-जगह हुए स्वागत के दौरान भी गुमान समर्थक नही दिखाई दिए। पेटलावद रेस्ट हाउस पर हुए स्वागत के दौरान विकास खण्ड के अधिकांश गाँव के भाजपा नेता और कार्यकर्ता पहुँचे थे लेकिन सांसद खेमे के भाजपा नेता दिखाई नही दिए।

### अधिकारी की छवि से नहीं आ पाए बहार

सांसद डामोर के राजनीतिक शुरूआती दौर से ही अधिकारी की छवि से बहार नही आ पाए जिसको लेकर अलीराजपुर से लेकर रतलाम तक जगह-जगह उनके विरोध के मामले सामने आए और कई वीडियो ओर खबरे सामने आई जिनको गूंज ने प्रमुख्ता के साथ उठाया। भाजपा के संगठन के पेरेलर खुद को प्रभावी बनाने के लिए अपने निजी कार्यकर्ताओ को संगठन में शामिल करने के लिए दबाव बनाते रहे तथा मैं ही जनप्रतिनिधि हु कहकर जिले के भाजपा नेताऔ को विकास कार्यो के मुद्दे पर भी पिछ्ले 5 सालो में नजर अंदाज ही करते रहे है, जिसका भी खामियाजा गुमान सिंह को भुगतना पड़ रहा है। वही स्थानीय चुनाव सहित विधानसभा चुनावों के दौरान भी सांसद की भूमिका हमेंशा सवालों में रही। 2023 में हुए विधानसभा चुनावों में खुद के ग्रह क्षेत्र झाबुआ विधानसभा ओर उससे लगी जोबट विधानसभा में भाजपा की बड़े अंतर से हार मिली तो झाबुआ से लगा थांदला विधानसभा भी भाजपा नही जीत पाई। अलीराजपुर और पेटलावद में भाजपा को जीत जरूर मिली लेकिन हार-जीत के आंकड़े को कोई भी जीत का आंकड़ा नही कह सकता। वही रतलाम जिले में चेतन कश्यप का जादू चला तो सैलाना में सांसद की करीबी नेता संगीता चारेल को टिकिट दिया गया लेकिन वहां भाजपा की जमानत बमुश्किल बच पाई और तीसरे नम्बर पर भाजपा को रहना पड़ा। चुनाव के दौरान ओर परिणाम के बाद गुमानसिंह की भूमिका को लेकर गूंज लगातार कवरेज कर सांसद महोदय को अधिकारी वाली छवि से बहार आकर नेता वाली छवि बनाने के लिए प्रेरित किया लेकिन अनदेखा कर अपने अन्दाज में राजनीति करते रहे जिसके परिणाम भुगतने पड़े। गुमानसिंह का टिकिट कटने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म और गूंज कार्यालय पर फोन कर और मैसेज कर गूंज की तारीफ कर बधाई दी।

# देवेंद्र की अश्लील हरकत आई समाज के सामने भी...

माही की गूंज, झाबुआ। मुजम्मिल मंसूरी

पहले भी यह लिख चुके हैं कि, अपना ही स्वःहित देखने वाला व्यक्ति अपना हित साधने के लिए किसी भी निचले स्तर पर जा सकता है और वह अपने शातिराना विचारों के आधार पर सदैव लोगों को गुमराह करना और अपना ही हित साधना मुख्य उद्देश्य रखता है, माही की गूंज में लिखा यह वाक्य देवेंद्र के ऊपर सत्य भी साबित हुआ है।

औद्योगिक क्षेत्र में लीज पर जमीन लेकर बिना परमिशन व अवैधानिक रूप से मांसाहारी ढाबे के संचालन के साथ अवैध शराब विक्रय करने का मामला जब माही की गूंज में उजागर हुआ। जिसके बाद से मानो देवेंद्र ऐसा बौखलाया की वह अपने शातिराना दिमाग व अपने वास्तविक पृष्ठभूमि को कलाल समाज के सामने भी लाने में कोई चूक नहीं कर रहा है। बताया जाता है कि, मांसाहारी ढ़ाबे व शराब विक्रय से प्रतिदिन 8 से 10 हजार की इनकम होती थी वह इनकम माही की गूंज में प्रकाशित समाचार के चलते वर्तमान में बंद हो गई है। देवेंद्र भानपुरिया ने वह हर निचला कृत्य सोशल मीडिया पर किया जो सामाजिक मर्यादा को भी लांघ गया। जिसके पीछे देवेंद्र भानपुरिया का मकसद मात्र और मात्र यही रहा की माही की गूंज के संस्थापक संजय भटेवरा को किसी भी तरह से दबाया जा सके और सोशल मीडिया के सामाजिक वट्सअप ग्रुप पर निचले स्तर के शब्दों का प्रयोग करने में कोई चुक नहीं कर रहा है। वही जब पिछले अंक में भी फर्जी स्कीमों के संचालन करने का मामला भी उजागर हुआ जिसके बाद तो मानो देवेंद्र भानपुरिया ने अपनी अश्लीलता का अंतिम हथियार का उपयोग कर कलाल समाज के सदस्य व कई समाज के वट्सअप ग्रुपों पर साढ़े छह सौ से ऊपर शब्दों में 9993819222 से एक पोस्ट फोटो के साथ वायरस की जिसमें अन्य बातों के साथ उल्लेख किया कि, संजय भटेवरा अपनी पत्नी, मां व भाई को प्रताड़ित करता है। साथ ही एक ओर घिनोना आरोप लगाते हुए लिखा कि, संजय भटेवरा के अवैध संबन्ध खवासा के फर्जी डॉक्टरों की किसी महिला के साथ है तथा समाज की महिला रिश्तेदार के साथ भी अवैध संबन्ध होना सार्वजनिक किया।



कलाल समाज के वाट्सअप ग्रुपो में अश्लील आरोप लगाने वाले देवेंद्र की अश्लीलता समाज के सामने भी आई।

उक्त देवेंद्र की अश्लील हरकत समाज के सामने आने के बाद समाज में भी देवेंद्र के प्रति सम्मान के भाव खत्म से हो गए हैं। वहीं देवेंद्र समाज के कुछ सह साथियों को कह रहा है कि, मेरे बारे में संजय ने पेपर में छापा व मेरा शराब का धंधा व ढ़ाबा भी बंद हो गया है। वही संजय ने औद्योगिक क्षेत्र की लीज पर ली हुई उसकी पूरी जमीन की जानकारी इंदौर एकेवीएन कार्यालय से मांगी है। यानिकि देवेंद्र अपने कहे शब्दों से यह सिद्ध कर रहा है कि, माही की गूंज में उसकी अनियमित्ता प्रकाशित न हो इसलिए झूठे ऐसे आरोप मढ़ दिए जाएं जिससे संजय भटेवरा का मान-सम्मान परिवार व समाज में खत्म होकर मानसिक रूप से परेशान होकर आत्महत्या कर ले जैसी मंशा के साथ सामाजिक सोशल मीडिया ग्रुप पर ऐसे आरोप लगाए गये है।

खैर देवेंद्र भानपुरिया ने जो आरोप लगाए है उसमें दोनों महिलाओं का नाम न्यायालय व समाज के समक्ष मयप्रुफ के साथ देने होंगे। वहीं संजय भटेवरा की पत्नी, मां व भाई को भी प्रताड़ित किया जाता है देवेंद्र की उक्त लिखी बात को भी समाज के समक्ष संजय भटेवरा की पत्नी, मां और भाई के बयानों के साथ सिद्ध करना होगी। देवेंद्र भानपुरिया के उक्त अश्लील कृत्य से यह स्पष्ट होता है कि, हमारे द्वारा जो मांगी गई जानकारी में कई ऐसे तथ्य सामने आने की संभावना है जिसमें औद्योगिक क्षेत्र से ली गई जमीन में एकेवीएन से किया गया एग्रीमेंट के विपरीत व बिना परमिशन से ऐसे कार्य किए हैं जिससे देवेंद्र भानपुरिया के लिए गले की हड्डी बन सकती है। नतीजा इसलिए संजय भटेवरा को हर निचले स्तर पर जाकर देवेंद्र भानपुरिया दबाना चाहता है, ताकि देवेंद्र भानपुरिया की कोई भी अनियमित्ताएं आगे से माही की गूंज में प्रकाशित न हो। पर हम यही कहेंगे कि, सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं। हम आज भी अपनी कलम बेबाकी के साथ चलती आइ हैं और आगे भी कलम आमजन के हितों के लिए आप जैसे दबंगो, माफियाओं, अनिमित्ताओं या भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध चलती रहेगी, चाहे कोई हमारी जान लेने के लिए भी आतुर हो जाए तो भी नहीं हमारी कलम रुकी है न हीं कभी रुकेगी।



सोशल मीडिया पर देवेंद्र ने अपनी बोखलाहट के साथ पत्रकार पर लगाए अश्लील आरोप।

# तीन वाहन अवैध शराब के पुलिस ने किए जप्त

## चार पहिया वाहन में ढ़ोकर अवैध शराब के मामले लगातार बढ़े

माही की गूंज, पेटलावद। राकेश गेहलोत

पहले थांदला पुलिस ने अवैध शराब से भरी कार पकड़ी, उसके अगले दिन पेटलावद पुलिस को बड़ी सफलता मिली। जहाँ पुलिस एक नही दो नही कुल तीन मेहंगी कारे अवैध शराब मामले में जप्त की। शनिवार रात में पेटलावद पुलिस अवैध रूप से परिवहन कर ले जा रही शराब के साथ 3 वाहनों को जप्त किया। मुखबीर की सूचना पर पेटलावद-बदनावर मार्ग से अवैध शराब से भरी गाड़ी निकलने की सूचना मिली। इसी दौरान डस्टर कार करडावद में एक दुपहिया वाहन को टक्कर मार कर भागा जो बदनावर रोड स्थित कल्पतरू स्कूल के पास पहुँच सका और वाहन में बैठे लोग मौके से फरार हो गये। कुछ ही देर में दुर्घटनाग्रस्त डस्टर कार में भरी शराब को ठिकाने लगाने एक ओर वाहन टीयूवी कार मौके पर आई और दुर्घटनाग्रस्त वाहन से शराब टीवीयू कार में भर कर ले जाने के प्रयास में थी। इस दौरान पुलिस ने मौके पर पहुँच कर शराब से भरे दोनों वाहन जप्त कर एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर की सूचना थी कि, एक ओर कार मारूती स्वीफ्ट डिजायर भी अवैध रूप से शराब सप्लाई के लिए ले जा रही है लेकिन पुलिस कार्यवाही के चलते पास के गाँव मे ही एक घर के आगे खड़ी की गई। मुखबिर की जांच के आधार पर वाहन की जांच करने पर उसमे भी अवैध शराब भरी मिली। पुलिस के अनुसार कार्यवाही के दौरान तीन व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये व एक व्यक्ति को पकड़ा गया। तीनो जप्त वाहनों को चैक करने पर माउन्ट बियर की पेटिया, गोवा व्हीस्की की पेटिया एवं देशी प्लेन मदिरा शराब की पेटिया कुल 504 बल्क लीटर किमत 92,300/- रूपयें की शराब तथा तीन वाहन किमती 23 लाख रूपयें की जप्त किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर थाना पेटलावद पर अपराध क्रमांक 148/2024 धारा 34(2), 46 आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध किया गया।

### लगातार पकडी जा रही शराब के पीछे कौंन

पेटलावद थाना क्षेत्र में पूर्व में दो से तीन मामले अवैध शराब के सामने आ चुके है जिंसमे आरोपियों ने महंगी कारों का उपयोग अवैध शराब के सप्लाई के लिए किया जिससे पुलिस को शंका न हो लेकिन मुखबिर की सूचना पर ये शराब वाहन पकड़े जा चुके है। क्षेत्र में अवैध शराब के व्यवसाय में कई लोग सक्रिय है अलग-अलग शराब ठेकेदारों के साथ मिल कर अवैध शराब का व्यापार कर रहे है। पुलिस अवैध शराब तो पकड़ती है लेकिन शराब कहा से लाई जा रही थी और कहा ले जाई जा रही थी इसका खुलासा कभी नही करती है। वही लगातार वाहन पकड़े जाने के बाद भी अवैध शराब के व्यवसाय में लगे लोग इस प्रकार के व्यापार में बेझिझक अंजाम दे रहे है। साथ ही कई वाहनों से लगातार अवैध शराब सप्लाई पुलिस और आबकारी की नाक के नीचे हो रही है। जो कही न कही अवैध शराब के सप्लायरों के बीच आपसी फूट या शराब ठेकेदारो की रमुच पर ये वाहन पकड़ में आ रहे है।



### बदनावर या पेटलावद आखिर कौंन ठेकेदार उपलब्ध करवा रहा है अवैध शराब



थांदला पुलिस द्वारा पकड़ा गया वाहन पेटलावद की ओर से शराब भर के जा रहा था। पूर्व मे सारंगी चौकी क्षेत्र में पकड़ी गई शराब भी बदनावर की ओर से आती हुई सारंगी ओर पेटलावद में पकड़ी गई। जिससे साफ है उक्त शराब सप्लाई के पीछे बड़े शराब कारोबारी का हाथ है जो बड़ी मात्रा में अवैध शराब क्षेत्र में सप्लाई के लिए उपलब्ध करवा रहा है। पकड़ी गई अवैध शराब की पेटियों पर होलोग्राम ओर बेच नम्बर से उक्त शराब किसके माध्यम से अवैध सप्लायर के पास पहुँच रही है इसकी जानकारी जुटाई जा सकती है। खेर इस प्रकार की कार्यवाही फिलहाल पुलिस द्वारा नही की जाती और पुलिस कार्यवाही शराब के साथ पकड़े गए आरोपी और वाहन मालिक तक सीमित रखी जाती है।

### बहारी प्रदेश के वाहनो का उपयोग ज्यादा, क्षेत्र के युवा बड़ी संख्या में सक्रिय



इस प्रकार के मामलों में पकड़े गए वाहन गुजरात या मध्यप्रदेश से लगे अन्य राज्यों के होते है। इन वाहनों को अग्रीमेंट के आधार पर खरीदा बेचा जाता है और इनका उपयोग अवैध शराब न केवल क्षेत्र बल्कि गुजरात सहित आसपास के राज्यों में भी सप्लाई के लिए किया जा है। अवैध शराब का व्यापार बहुत बड़ा सिंडिकेट है जो पुलिस, आबकारी से मिलकर अंजाम दिया जाता है। कई वाहनों के पकड़े जाने के बाद भी ये व्यापार बिना डर के संचालित होता है जिसका सबसे बड़ा कारण अवैध शराब सप्लाई करने वालो की मुख्य जड़ें जो इस प्रकार की कार्यवाही में पकड़ी नही जाती और छोटे मोटे नोकरी पेशा लोगो पर कार्यवाही तक सीमित हो जाती है। जो लोग पकड़े जाते है उनका रहन सहन और आजीविका के साधन इतने नही होते की वो ऐसी महंगी गाड़ीया और इतनी मात्रा में शराब खरीद सके। कम समय मे ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर मे क्षेत्र के युवा बड़ी संख्या में अवैध शराब और नशे के सामान के व्यवसाय में जुड़ गए है जो किश्तों में पुराने वाहन अग्रीमेंट से खरीद कर नशे के कारोबार में लिप्त है , जो नशे के व्यापार से पैसा कमा कर गाड़िया फ्री कर लेते है और अपने साथ नए नए युवाओं को जोड़ कर इस व्यापार को बड़ा रहे है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, अलका भटेवरा द्वारा काम्पेक प्रिन्टर्स प्रायवेट लिमिटेड, 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए. बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 499, बाजना मार्ग, गणेश मंदिर के सामने, खवासा, तहसील थांदला, जिला-झाबुआ (म.प्र.) से प्रकाशित। प्रधान संपादक- संजय भटेवरा, संपादक- धर्मेन्द्र पंचाल । मोबाइल नं. -95898-82798 (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झाबुआ रहेगा) आरएनआई नंबर- एमपीएचआईएन/2018/76422